दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। सोमवार 05 जनवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 17 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







# बांग्लादेश ने भारत में टी20 वर्ल्ड कप खेलने से किया इनकार

**नई दिल्ली।** आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2026 को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत में होने वाले टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया है। बीसीबी ने इसके पीछे खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। यह फैसला भारत और बांग्लादेश के बीच बिगड़ते राजनीतिक रिश्तों के माहौल में लिया गया है।

बीसीबी ने इस घटनाक्रम को लेकर आईसीसी को लेटर भी लिखा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि आज दोपहर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की एक इमरजेंसी मीटिंग हुई, जिसमें आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 से जुड़े हाल के घटनाक्रमों पर चर्चा की गई, जिसे भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट करने वाले हैं।

बोर्ड ने पिछले 24 घंटों के घटनाक्रमों को ध्यान में रखते हुए स्थिति की विस्तार से समीक्षा की और भारत में होने वाले मैचों में बांग्लादेश नेशनल टीम की भागीदारी से जुड़ी पूरी परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त की।

बोर्ड ने बयान में आगे कहा कि मौजूदा स्थिति का पूरी तरह से आकलन करने और भारत में बांग्लादेश दल की सुरक्षा को लेकर बढ़ती चिंताओं और बांग्लादेश सरकार की सलाह पर विचार करने के बाद, बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने फैसला किया कि मौजूदा हालात में बांग्लादेश नेशनल टीम टूर्नामेंट के लिए भारत नहीं जाएगी। इस फैसले के मद्देनजर, बीसीबी ने इवेंट अथॉरिटी के तौर पर इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल यानी आईसीसी से औपचारिक रूप से अनुरोध किया है कि बांग्लादेश के सभी मैचों को भारत के बाहर किसी दूसरी जगह पर शिफ्ट करने पर विचार किया जाए।

बोर्ड का मानना है कि बांग्लादेशी खिलाड़ियों, टीम अधिकारियों, बोर्ड सदस्यों और अन्य हितधारकों की सुरक्षा और भलाई की रक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के लिए कि टीम एक सुरक्षित और उचित माहौल में टूर्नामेंट में भाग ले सके, ऐसा कदम उठाना जरूरी है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि आईसीसी स्थिति को समझेगा और इस मामले पर जल्द से जल्द जवाब देगा।

**मुस्ताफिजुर रहमान की आईपीएल से छुट्टी :** हाल ही में बीसीसीआई के निर्देश पर आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को रिलीज कर दिया। इसी घटना के बाद बीसीबी ने भारत दौरे को लेकर गंभीर आपत्ति जताई और खिलाड़ियों की सुरक्षा को प्राथमिकता बताते हुए सख्त रुख अपनाया।



## आईसीसी ने मान ली बांग्लादेश की मांग? भारत से बाहर टी20 वर्ल्ड कप के मैच कराने पर हुआ राजी

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल बांग्लादेश के टी20 वर्ल्ड कप मैचों के वेन्यू बदलने के लिए तैयार हो सकता है। क्रिकबज ने 4 जनवरी को यह रिपोर्ट दी, ठीक कुछ घंटे बाद जब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए औपचारिक रूप से वेन्यू बदलने का अनुरोध किया। यह घटनाक्रम इंडियन प्रीमियर लीग से मुस्ताफिजुर रहमान के बाहर किए जाने को लेकर उठे विवाद के बाद सामने आया है। इस मामले के बाद बीसीबी ने आईसीसी को पत्र लिखकर अनुरोध किया कि उनके टी20 वर्ल्ड कप मैचों को सह-मेजबान श्रीलंका में स्थानांतरित किया जाए। हालांकि अभी कोई अंतिम फैसला नहीं लिया गया है, लेकिन समझा जा रहा है कि आईसीसी इस अनुरोध पर गंभीरता से विचार कर रहा है, जिसमें खिलाड़ियों की सुरक्षा एक अहम पहलू है। इससे पहले शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स को निर्देश दिया था कि वे मुस्ताफिजुर रहमान को रिलीज करें, जिन्हें नीलामी में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था। यह फैसला भारत में कुछ दक्षिणपंथी संगठनों के विरोध के बीच लिया गया, जिन्होंने बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित हमलों के बीच एक बांग्लादेशी क्रिकेटर को आईपीएल खेलने की अनुमति देने पर बीसीसीआई की आलोचना की थी। इस निर्णय की बीसीबी ने कड़ी आलोचना की और इसके बाद बांग्लादेश सरकार ने भी इस मामले में हस्तक्षेप किया। मुस्ताफिजुर को रिलीज किए जाने के बाद अंतरिम सरकार ने बीसीबी को निर्देश दिया कि वह इस मुद्दे को आईसीसी के सामने उठाए और वर्ल्ड कप मैचों को भारत से बाहर स्थानांतरित करने की मांग करे।

# एक्शन प्लान-2026 पर गाजियाबाद पुलिस का सख्त पहरा

## 113 हिस्ट्रीशीटर थानों में तलब, संपत्ति अपराधियों को सीधी चेतावनी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** चोरी, लूट, झपटमारी और सेंधमारी जैसे संपत्ति संबंधी अपराधों पर लगाम कसने के लिए गाजियाबाद पुलिस ने साल 2026 की शुरूआत में ही सख्त रुख अपना लिया है। एक्शन प्लान-2026 के तहत ट्रांस हिंडन जोन में पुलिस ने विशेष निवारक अभियान चलाकर अपराधियों को साफ संदेश दिया– अब अपराध नहीं, कानून चलेगा।

इस अभियान के तहत ट्रांस हिंडन जोन के विभिन्न थानों में कुल 113 आपराधिक प्रवृत्ति के लोग तलब किए गए। इनमें

- इंदिरापुरम से 36,
- साहिबाबाद से 50,
- शालीमार गार्डन से 27 अपराधी शामिल रहे।



इन सभी को संबंधित थानों में बुलाकर पुलिस अधिकारियों ने आमने-सामने बातचीत की और चेतावनी दी कि अब उनकी हर गतिविधि पुलिस की निगरानी में रहेगी।

अभियान के दौरान सहायक पुलिस आयुक्तों (अउढ) ने अपराधियों से सीधे संवाद कर स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधि में लिप्त पाए जाने पर तत्काल और कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने यह भी बताया कि संपत्ति से जुड़े अपराध आम नागरिकों की सुरक्षा भावना को सीधे प्रभावित करते हैं, इसलिए ऐसे मामलों में शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई गई है।

पुलिस ने चेताया कि आवश्यकता पड़ने पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (इठरर) की धाराओं के तहत निवारक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें धारा 129 इठरर जैसी सख्त धाराएं भी शामिल हैं, ताकि अपराध होने से पहले ही उस पर रोक लगाई जा सके।

इसके साथ ही ट्रांस हिंडन जोन में सघन निगरानी व्यवस्था लागू की गई है। इसमें बीट पुलिसिंग, नियमित सत्यापन, तकनीकी और भौतिक निगरानी, रात्रिकालीन गश्त में वृद्धि और थानों स्तर पर अपराध समीक्षा जैसे कदम शामिल हैं। उद्देश्य साफ है– अपराध से पहले हस्तक्षेप और दोबारा अपराध की रोकथाम।

# कौन लगा और उखाड़ रहा है नदियापार में निगम की चेतावनी वाला बोर्ड

## क्या ये बोर्ड बन गया है दूसरों की जमीन पर पैसा वसूलने का कोड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नदियापार यानी देश की सबसे बड़ी विधानसभा है। गाजियाबाद की सियासत में नदियापार का मतलब भगवागढ़ का सबसे मजबूत खंड। ये दिल्ली का बॉर्डर भी है और गाजियाबाद शहर को एक नदी के जरिये उस पार भी करता है। इन दिनों नदियापार का एक इलाका, एक वार्ड चर्चा में बना हुआ है। चर्चा इसलिए है कि यहां एक बोर्ड प्लॉट के मालिकों को डराने और फिर उनकी जमीन को जबरन सरकारी बताने के काम आ रहा है।

सूत्र बताते हैं कि ये बोर्ड दरअसल जमीन मालिकों को डराकर उनसे पैसा वसूलने का एक कोड है। किस्सा नदियापार के ज्ञानी बॉर्डर इलाके का है। यहां एक बोर्ड कभी भी किसी के प्लॉट पर लग जाता है। बोर्ड को देखने पर ऐसा लगेगा कि ये सरकारी बोर्ड है और इस पर सरकारी चेतावनी है। इस बोर्ड पर लिखा है कि ये जमीन सरकारी है। कमाल ये है कि बोर्ड पर गाजियाबाद नगर निगम लिखा है। इस




पर लिखा है कि ये सम्पत्ति नगर निगम के अधीन है, जिस पर अतिक्रमण या कब्जा करना दंडनीय अपराध है और इस पर आज्ञा से नगरायुक्त भी लिखा है। बोर्ड है यह बात नहीं है लेकिन बोर्ड जब रातों रात जमीन में गड़ जाता है और रातों रात जमीन से उखड़कर दूसरी जमीन में लग जाता है तो इसकी चर्चा क्षेत्र में हो रही है। लोग जानना चाहते हैं कि आखिर कौन सी शक्ति है जो नगर निगम के इस बोर्ड को इस प्लॉट से उस प्लॉट पर लगा रही है। निगम की चेतावनी का बोर्ड पहले किसी और खसरा पर लगा था और अब यह दूसरे खसरे पर लग गय है। एक बोर्ड चेतावनी का है लेकिन सबसे बड़ी चेतावनी तो नगर निगम प्रशासन के लिए है कि आखिर इस बोर्ड को लगा कौन रहा है।

सूत्र बताते हैं कि ये बोर्ड भूखंड मालिकों पर दबाव बनाने के काम आ रहा है। लोग भी जानना चाहते हैं कि क्या वास्तव में ये बोर्ड नगर निगम का है। पहले ये बोर्ड किसी एक व्यक्ति के प्लॉट में लगा और जब वहां से खेल हो गया तो फिर ये बोर्ड उखड़कर दूसरी जगह लग गया। ये बोर्ड चर्चा में है और नगर निगम की सम्पत्ति है तो फिर महापौर के ये संज्ञान में है या नहीं है। ज्ञानी बॉर्डर का ये मामला है और यहां महापौर की भूमिका इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि यहां निगम की जमीनों पर अवैध कब्जा करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। मेयर निगम सदन की मुखया हैं और वो अगर निगम की जमीनों को अवैध कब्जे से मुक्त करा रही हैं तो उनके संज्ञान में ये भी होना चाहिए कि ज्ञानी बॉर्डर पर वो कौन है जो पैसा वसूली के कोड का खेल खेल रहा है। क्षेत्र के लोग बताते हैं कि कुछ भूमाफिय किस्म के लोग नगर निगम के इस बोर्ड को हथियार बनाकर चला रहे हें। वो इसे किसी के भी प्लॉट में लगा देते हैं और फिर उसकी जमीन को उस समय अवैध बता देते हैं जब जमीन का सौदा चल रहा हो ता है।

बोर्ड को हटाने का ही सारा खेल है। जब प्लॉट सेल होने को होता है तो ये बोर्ड वाला खेल होता है। यहां मेयर को संज्ञान लेना है। बताते हैं कि पहले किसी और के प्लॉट पर यही बोर्ड था और फिर ये दूसरी जगह आ गया। निगम की बड़े अफसर की आज्ञा से इस पर लिखा है तो निगम का ये दायित्व है कि वो इस बात पर संज्ञान लें कि उसके बोर्ड के साथ आखिर कौन ये मजाक कर रहा है।

# लैंसडाउन टूर में पार्षदों ने एन्जॉय किया भरपूर

## मार्च में बन सकता है अब गोवा वाला टूर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कोई कुछ भी कहे और सियासत का संदेश कुछ भी हो लेकिन इसमें कोई दोराय नहं है कि निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी और निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा के नेतृत्व में पार्षदों ने लैंसडाउन टूर का भरपूर एन्जॉय किया। सिद्धबली मंदिर से लेकर ताड़केश्वर मंदिर तक पूजा अर्चना की। हिमालय का मनोरम दृश्य देखा। टूर की व्यवस्थायें पार्षदों को इतनी पसंद आयी हैं कि अब पहाड़ों के बाद समन्दर के किनारे जाने की तैयारी हो गयी है। बताते हैं कि पार्षदों ने टूर को एन्जॉय किया है। और अब वहां से लौटने के बाद गोवा के टूर की भूमिका तैयार हो गयी है। सूत्र बताते हैं कि मार्च में टूर सीटन 2 में गाजियाबाद के पार्षद नजर आयेंगे। गोवा टूर के लिए बहुमत से सहमति बन गयी है।

### दिन था रविवार और पार्षदों का टूर बन गया यादगार

करंट क्राइम। दो दिन के टूर में अगले दिन यानी रविवार को पार्षद सुबह उठे और यहां पर नाश्ता करने के बाद कुछ पार्षद लैंसडाउन घूमने गये और कुछ पार्षदों ने ताड़केश्वर मंदिर में पूजा की। मौसम साफ था और लैंसडाउन में साफ मौसम में हिमालय पर्वत के दर्शन होते हैं। यह एक सुखद अनुभूति थी कि दूसरे दिन मौसम साफ था और फिर सभी पार्षद हंसी खुशी के माहौल में उत्तराखंड से गाजियाबाद के लिए रवाना हुए।

### टूर में राजीव शर्मा का रहा जबरदस्त इंतजाम



करंट क्राइम। कोटद्वार सिद्धबली मंदिर में पूजन अर्चन की गाजियाबाद से प्लानिंग राजीव शर्मा ने ही तैयार की थी। राजीव शर्मा पार्षद हैं और निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष रहे हैं। इसके अलावा वो कोटद्वार में सिद्धबली मंदिर समिति के ट्रस्टी भी हैं और कार्यकारिणी सदस्य भी हैं। जाहिर है कि उन्हें यहां का पूरा सिस्टम पता था और वो धार्मिक कार्यों में बढ़चढ़कर भाग लेते हैं। छोटे आयोजन को ईवेंट बनाना जानते हैं। रामलीला के दौरान मां सीता की विदाई समारोह इसक प्रत्यक्ष उदाहरण है। यही वजह है कि जब राजीव शर्मा ने इंतजाम का जिम्मा लिया तो गाजियाबाद में शुरूआत शिव मंदिर चौक सेहुई। ब्रैड पकौड़े, कुल्हड़ की चाय और गाजर के हलवे का नाश्ता कराया। सबको अपनी देखरेख में टैम्पो ट्रैवलर में सवार कराया। इसके बाद मीरापुर चौक पर कहां नाश्ता होना है ये इंतजाम उन्हीं का था। सिद्धबली मंदिर की टीम कोटद्वार के मेयर लैंसडाउन के विधायक लगातार राजीव शर्मा के साथ फोन पर सम्पर्क में थे। यहां पर भोजन से लेकर स्टे और मंदिर में दर्शन पूजन से लेकर भोजन और रात्रि प्रवास की व्यवस्था संभाली। पार्षदों से पहले खुद वहां से चले और पार्षदों के पहुंचने से पहले उनके खाने पीने की व्यवस्था को संभाला। कुल मिलाकर सार ये है कि राजीव शर्मा ने 62 लोगों के एक टूर को शानदार ईवेंट में बदला, और इसे यादगार बनाया।



### कोटद्वार के मेयर की केयर से अभिभूत हो गये गाजियाबाद के पार्षद

करंट क्राइम। दो दिन का टूर पार्षदों को भरपूर आनंद देकर गया है। आध्यात्मि टूर रहा और गाजियाबाद नगर निगम के पार्षद कोटद्वार के मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत की केयर से अभिभूत हो गये। अतिथि देवो भव: का अर्थ उन्होंने सार्थक किया। बताते हैं कि कोटद्वार के मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत की नेचर ने सबका दिल जीत लिया। जब पार्षद रास्ते में थे तो वहां के मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत को अपने अतिथियों की चिंता थी और उन्होंने 12 फोन किये और लगातार पार्षदों की टीम की अपडेट लेते रहे। चाय, कॉफी, फ्रूटी, बिस्कुट का इंतजाम और आते ही स्वागत। सभी के साथ बेहद आत्मीय व्यवहार और छोटी छोटी बातों का भी ख्याल रखा। किसी को कोई असुविधा ना हो इसका पूरा ध्यान रखते रहे। शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी कोटद्वार के मेयर की जमकर तारीफ की। पार्षद तो कोटद्वार के मेयर के मधुर व्यवहार के कायल हो गये।

**शहर विधायक संजीव शर्मा ने भी मेयर शैलेन्द्र सिंह रावत की तारीफ**

# आस्था और संकल्प का भावपूर्ण मिलन

## राम अवतार जिंदल ने कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम से लिया आशीर्वाद



**संभल, करंट क्राइम।** आस्था जब केवल भावना न रहकर जीवन का मार्गदर्शन बन जाए, तब वह दर्शन का रूप ले लेती है। श्री कल्कि धाम के पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम के 60वें जन्मदिन के पावन अवसर पर भाजपा नेता एवं जिंदल ग्रुप के चेयरमैन राम अवतार जिंदल श्री कल्कि धाम पहुंचे और विधिवत प्रणाम कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर राम अवतार जिंदल ने आचार्य प्रमोद कृष्णम के सादगीपूर्ण जीवन, आध्यात्मिक चेतना और कल्कि धाम निर्माण जैसे विराट संकल्प की सराहना की।

उन्होंने कल्कि धाम के निर्माण कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की बधाई देते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि महाराज के जीवन में सदैव खुशहाली, सकारात्मक ऊर्जा और लोककल्याण की चेतना बनी रहे।

राम अवतार जिंदल की यह उपस्थिति केवल औपचारिक नहीं, बल्कि उनकी गहरी आस्था, सनातन मूल्यों में विश्वास और आध्यात्मिक चेतना से जुड़े जीवन दृष्टिकोण को दर्शाती है। अवधपुरी से आए जिंदल ने 'जय श्री कल्कि, जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ यह भाव व्यक्त किया कि जब समाज, सेवा और उद्योग आध्यात्मिक आधार से जुड़ते हैं, तभी संतुलित और सशक्त राष्ट्र की कल्पना साकार होती है।

श्री कल्कि धाम आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि धर्म, दर्शन और भविष्य के प्रति आशा का केंद्र बनता जा रहा है। ऐसे आध्यात्मिक क्षण उस यात्रा को और अधिक अर्थपूर्ण बनाते हैं।

## वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को लेकर बोला भारत

# 'चिंताजनक हालात, बातचीत से हो समाधान'





**नई दिल्ली।** वेनेजुएला में हालिया राजनीतिक और सुरक्षा घटनाक्रम को लेकर भारत ने गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा व भलाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराता है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सभी संबंधित पक्षों से अपील करता है कि वे मौजूदा मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संवाद के माध्यम से करें, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी तरह की हिंसा या टकराव से हालात और बिगड़ सकते हैं।

**वेनेजुएला की स्थिति पर भारत की चिंता, शांति और संवाद की अपील :** वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम भारत के लिए चिंता का विषय है। भारत सरकार वहां की बदलती स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। भारत ने वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा और भलाई के प्रति अपना समर्थन दोहराया है और सभी संबंधित पक्षों से अपील की है कि वे मुद्दों का समाधान शांतिपूर्ण तरीके से संवाद के जरिए करें, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे। काराकास स्थित भारतीय दूतावास वहां रह रहे भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और जरूरत पड़ने पर हर संभव मदद करता रहेगा।

**वेनेजुएला को लेकर भारत की ट्रैवल एडवाइजरी :** गौरतलब है कि भारत ने शनिवार रात अपने नागरिकों को वेनेजुएला की स्थिति को देखते हुए वहां गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी थी। मंत्रालय ने यह परामर्श वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका द्वारा पकड़े जाने से जुड़े घटनाक्रम के मद्देनजर जारी किया था। विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में मौजूद सभी भारतीयों से भी अत्यधिक सावधानी बरतने और अपनी आवाजाही सीमित रखने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को वहां सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सख्ती से सलाह दी जाती है। बयान में कहा गया, जो भारतीय किसी भी कारण से वेनेजुएला में हैं, उन्हें अत्यधिक सतर्क रहने, अपनी गतिविधियां सीमित रखने और काराकास स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है।

**चीन ने भी जताई आपत्तिः मादुरो और उनकी पत्नी की तत्काल रिहाई की मांग :** चीन ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को जबरन हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाने को लेकर अमेरिका पर गंभीर चिंता जताई है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने रविवार को कहा कि यह कदम अंतरराष्ट्रीय कानून, अंतरराष्ट्रीय संबंधों के बुनियादी सिद्धांतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के उद्देश्यों का स्पष्ट उल्लंघन है।

प्रवक्ता ने कहा कि 3 जनवरी को अमेरिकी बलों द्वारा मादुरो और उनकी पत्नी को पकड़कर देश से बाहर ले जाने की खबरों पर कई देशों ने आपत्ति जताई है। चीन ने अमेरिका से मांग की कि वह राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी की व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करे, उन्हें तुरंत रिहा करे और वेनेजुएला की सरकार को गिराने की कोशिशें बंद करे। चीन ने यह भी कहा कि अमेरिका को सभी मुद्दों का समाधान बातचीत और कूटनीतिक वार्ता के जरिए करना चाहिए, ताकि क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनी रहे।

## वेनेजुएला को लेकर भारत की ट्रैवल एडवाइजरी
## भारतीयों को यात्रा से बचने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारत ने शनिवार रात अपने नागरिकों को वेनेजुएला की स्थिति को देखते हुए वहां गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी। मंत्रालय ने यह परामर्श वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका द्वारा पकड़े जाने से जुड़े घटनाक्रम के मद्देनजर जारी किया।

विदेश मंत्रालय ने वेनेजुएला में मौजूद सभी भारतीयों से भी अत्यधिक सावधानी बरतने और अपनी आवाजाही सीमित रखने को कहा है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम को देखते हुए भारतीय नागरिकों को वहां सभी गैर-जरूरी यात्राओं से बचने की सख्ती से सलाह दी जाती है। बयान में कहा गया, जो भारतीय किसी भी कारण से वेनेजुएला में हैं, उन्हें अत्यधिक सतर्क रहने, अपनी गतिविधियां सीमित रखने और कराकस स्थित भारतीय



दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है।

मंत्रालय ने भारतीयों से फोन नंबर +58-412-9584288 (व्हाट्सएप कॉल के लिए भी) और ईमेल के जरिए दूतावास से संपर्क करने को कहा। वेनेजुएला में लगभग 50 अनिवासी भारतीय (एनआरआई) और 30 भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अमेरिकी हमले के बाद वेनेजुएला में राजनीतिक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई है। रूस और चीन सहित कई प्रमुख देशों ने मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिये जाने की कार्रवाई के लिए वॉशिंगटन की आलोचना की है। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, मादुरो को न्यूयॉर्क ले जाया जा रहा है, जहां उन्हें मादक पदार्थ तस्करी से जुड़े गिरोहों को समर्थन देने के आरोपों में मुकदमे का सामना करना होगा।

**कुछ अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, लेकिन 'कोई भी मारा नहीं गया': ट्रंप :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को कहा कि वेनेजुएला में अभियान के दौरान एक हेलीकॉप्टर पर हमला हुआ और कुछ अमेरिकी सैनिक घायल हो गये लेकिन उनका मानना है कि कोई भी मारा नहीं गया।

## मौसम की मारः पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदान में आफत
### उत्तर भारत में अगले सात तक दिन कोहरे के आसार



**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर बर्फबारी से मैदानी इलाकों में भी हाड़ कंपाने वाली सर्दी पड़ रही है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में न्यूनतम पारा 8.1 डिग्री गिर गया। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान के कई शहरों में पारा पांच डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। उत्तर भारत को भीषण सर्दी से अभी राहत नहीं मिलने वाली है, क्योंकि अगले चार-पांच दिन घने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट जारी किया गया है। केदारनाथ धाम में मंदिर और आसपास के इलाकों में बर्फ की सफेद चादर बिछी दिखी। हिमाचल प्रदेश में कुल्लू-मनाली व लाहौल की चोटियों पर बर्फबारी हुई है। ताबो में तापमान माइनस 6.8 डिग्री सेल्सियस रहा। कश्मीर में सबसे कम तापमान गुलमर्ग में माइनस 6.5 डिग्री रहा। पंजाब, हरियाणा व दिल्ली में भी ठिठुरन बढ़ गई है। हरियाणा के महेंद्रगढ़ में पारा 4 डिग्री तक गिर गया। पंजाब में फरीदकोट 5.5 डिग्री के साथ प्रदेश में सबसे ठंडा स्थान रहा।

**कोहरा से कई जगह दृश्यता शून्य के करीब, दिल्ली में आज येलो अलर्ट :** उत्तराखंड के साथ ही जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा से लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा के ज्यादातर इलाके घने कोहरे की चपेट में हैं। कई जगह दृश्यता 50 मीटर से भी कम दर्ज की गई। दिल्ली में रविवार को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

**दिल्ली-एनसीआर की हवा खराब, फसलों पर संकट**

दिल्ली-एनसीआर में हवा की सेहत कुछ सुधरी है, पर अब भी खराब श्रेणी में है। शनिवार शाम चार बजे दिल्ली में 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 267 रहा। फरीदाबाद में एक्यूआई 222, गुरुग्राम में 244, नोएडा में 242, ग्रेटर नोएडा में 239 और गाजियाबाद में एक्यूआई 262 दर्ज किया गया। 200 से अधिक और 300 से कम एक्यूआई खराब श्रेणी में आता है।

**सात दिन तक कोहरे के आसार :** उत्तर भारत में अगले सात दिनों तक रात और सुबह के समय अत्यंत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। उत्तराखंड और राजस्थान में 4 और 5 जनवरी को घना कोहरा रहेगा। कुछ जगहों पर शीत लहर भी जारी रहेगी। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में सात जनवरी तक शीतलहर की स्थिति रहने की संभावना है।

मौसम की इस तीव्रता का सीधा असर सब्जी उत्पादकों और रबी फसलों पर पड़ने की आशंका है।

## सांसों पर संकट पर बरकरार... बेहद खराब श्रेणी की दहलीज पर पहुंची फिजा




नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का संकट एक बार फिर गहराता जा रहा है। हवा की दिशा बदलने और गति में थोड़ी वृद्धि के बावजूद दिल्लीवासियों को प्रदूषण से अपेक्षित राहत नहीं मिल पा रही है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, रविवार सुबह राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 297 दर्ज किया गया है, जो 'बेहद खराब' श्रेणी की दहलीज पर है।

यह स्थिति चिंताजनक है, क्योंकि पिछले कुछ दिनों में एक्यूआई में लगातार उतार-चढ़ाव देखा गया है। हालांकि, हवा की गति में परिवर्तन से कुछ इलाकों में प्रदूषण के स्तर में मामूली कमी आई, लेकिन समग्र रूप से हवा की गुणवत्ता अभी भी गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार चला गया है, जिससे हवा की गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गई है और सांस लेना दूभर हो गया है। दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 309, आनंद विहार में एक्यूआई 350, अशोक विहार में 332, आया नगर में 228, बवाना में 276, बुराड़ी में 268, चांदनी चौक इलाके में 356 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू इलाके में 337, द्वारका सेक्टर-8 इलाके में 294, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 180, आईटीओ में 309, जहांगीरपुरी में 360, लोधी रोड इलाके में 218, मुंडका में 327, नजफगढ़ में 224, नरेला में 334, पंजाबी बाग इलाके में 327, आरकेपुरम में 321, रोहिणी में 360, सोनिया विहार में 315, विवेक विहार में 331, वजीरपुर में 343 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

## ठाकरे बंधुओं पर एकनाथ शिंदे का हमला, कहा- 'मराठी मानूस' के प्रति उनका प्रेम दिखावटी



**मुंबई ।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि ठाकरे भाइयों का ह्यमराठी मानूसह्ल के प्रति प्रेम दिखावटी है और उनकी असली दिलचस्पी पैसों से भरपूर बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) पर कब्जा जमाने में है। सेंट्रल मुंबई के वर्ली में महायुति की रैली को संबोधित करते हुए एकनाथ शिंदे ने कहा कि मुंबई का अगला मेयर मराठी ही होगा। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के बयान को दोहराते हुए कहा कि भाजपा और शिवसेना मिलकर नगर निगम चुनाव लड़ रही हैं।

**आदित्य और अमित पर भी बरसे शिंदे :** एकनाथ शिंदे ने शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे और एमएनएस नेता अमित ठाकरे पर भी निशाना साधा। उन्होंने सवाल किया कि जब ठाकरे सत्ता में थे, तब उनका विजन कहां था। शिंदे ने आरोप लगाया कि वर्षों तक इन लोगों ने केवल पैसा कमाया और मुंबई को लूटा। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले लंबे समय तक नगर निगम पर उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली अविभाजित शिवसेना का कब्जा रहा, लेकिन जनता ने उन्हें सत्ता से बाहर कर दिया। अब हार के बाद वे विजन स्टेटमेंट की बात कर रहे हैं।

**मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना का किया बचाव :** इस दौरान एकनाथ शिंदे ने ह्यमुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजनाह्ल का बचाव करते हुए कहा कि इस योजना के तहत महिलाओं को हर महीने 1500 रुपये मिलते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इस योजना की आलोचना करने वाले अब खुद वैसी ही योजनाएं घोषित कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री ने साफ कहा, 'कुछ लोग चुनाव के समय ही मराठी मानूस को याद करते हैं।

## बुलडोजर एक्शन से पहले खुद ही हथौड़े से तोड़ डाली मस्जिद
### प्रशासन ने जेसीबी से की मदरसा तोड़ने की कार्रवाई





**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के असमोली थाना क्षेत्र के गांव सलेमपुर सलारपुर उर्फ हाजीपुर में प्रशासन की कार्रवाई से पहले ही बड़ा घटनाक्रम सामने आया। नोटिस मिलने के बाद ग्रामीणों ने मस्जिद को खुद ही ध्वस्त कर दिया। रविवार सुबह प्रशासनिक टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची।

करीब 12:30 बजे मस्जिद से कुछ दूरी पर स्थित मदरसे को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरू की गई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक भी मौके पर पहुंचे। पूरे इलाके में पुलिस बल तैनात रहा।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि प्रशासन के नोटिस के बाद ग्रामीणों ने स्वयं मस्जिद को गिरा दिया था। मस्जिद की खाली हुई जमीन पर 20 गरीब लोगों को पट्टे दिए गए हैं।


वहीं, मदरसे को लेकर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जारी है। प्रशासन का कहना है कि पूरी कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त इंतजाम किए गए हैं। इलाके में फिलहाल स्थिति सामान्य बनी हुई है।

**प्रशासन दे चुका है ध्वस्तीकरण का नोटिस :** गांव सलेमपुर सलार उर्फ हाजीपुर निवासी मस्जिद के मुतवल्ली हाजी शमीम पर आरोप है कि उन्होंने करीब पौने चार बीघा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर मस्जिद और मदरसे का निर्माण किया था। पहले मदरसे का निर्माण किया और बाद में करीब 10 वर्ष पहले मस्जिद का निर्माण कर लिया गया।

शिकायत के बाद 14 जून 2018 को सरकारी जमीन पर मस्जिद व मदरसा निर्माण किए जाने की आख्या दी गई थी। जिसके आधार पर मामला तहसीलदार न्यायालय में चला। साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर सरकारी जमीन पर निर्माण की पुष्टि दो सितंबर 2025 को हुई थी।

इसके चलते ही न्यायालय की ओर से मुतवल्ली पर 7.78 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया गया और मस्जिद और मदरसे का निर्माण कर जो सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया गया है उसको हटाने के निर्देश दिए। इसके बाद भी यह निर्माण नहीं हटाए गए तो प्रशासन की टीम ने तीन जनवरी यानि शनिवार को ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के निर्देश दिए थे। हालांकि अवकाश के चलते तय समय को बढ़ा दिया गया है लेकिन अब मुस्लिम समाज के लोगों ने खुद ही मस्जिद तो तोड़ दिया।

## सावधान! इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में मिले 'मौत के बैक्टीरिया'



**इंदौर।** इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में पिछले कई दिनों से सप्लाई हो रहे नर्मदा जल को लेकर एक बड़ा खुलासा हुआ है। सरकारी और निजी लैब में की गई सैंपलिंग की रिपोर्ट में सामने आया है कि इस पानी में हैजा और डायरिया जैसी जानलेवा बीमारियों के बैक्टीरिया मौजूद हैं। स्वास्थ्य विभाग ने पानी को घरेलू उपयोग और पीने के लिए पूरी तरह अनुपयुक्त पाया है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग और प्राइवेट लैबों के सूत्रों के मुताबिक जांच रिपोर्ट में पता चला है कि यह पानी पीने योग्य नहीं है।

**सीपेज से घुला पानी में जहर :** जांच रिपोर्ट के अनुसार पानी में फीकल कॉलिफॉर्म, ई-कोलाई, विब्रियो और प्रोटोजोआ जैसे खतरनाक बैक्टीरिया मिले हैं।

विशेषज्ञों का कहना है कि इन जीवाणुओं की मौजूदगी का सीधा अर्थ यह है कि पीने के पानी की लाइन में सीवर का गंदा पानी मिल रहा है। रिपोर्ट में पानी के सैंपल्स को अनसैटिस्फैक्ट्री श्रेणी में रखा गया है।

## डैमेज कंट्रोल करने में जुटी भाजपा मंत्री विजयवर्गीय दिल्ली से लौटे

**इंदौर ।** भागीरथपुरा मामले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार की घेराबंदी तेज कर दी है, जिससे सरकार के सामने इस प्रकरण का जल्द निराकरण करने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। दूसरी ओर, भाजपा भी अब डैमेज कंट्रोल की कोशिशों में जुट गई है। प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने शनिवार को इंदौर प्रवास के दौरान महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा के साथ बंद कमरे में बैठक की। इस महत्वपूर्ण चर्चा में भाजपा महामंत्री गौरव रणदिवे और निशांत खरे भी उपस्थित थे।



उधर, नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सुबह दिल्ली में केंद्रीय नेताओं से मुलाकात कर अपनी ओर से सफाई दी। दिल्ली से उन्हें स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि इस मुद्दे को जल्द से जल्द शांत किया जाए ताकि मामला और अधिक तूल न पकड़े। शाम को इंदौर लौटने के बाद मंत्री विजयवर्गीय ने स्थानीय नेताओं के साथ फिर बैठक की।

विजयवर्गीय ने दिल्ली दरबार में मामले का पूरा ब्यौरा प्रस्तुत किया है। चूंकि इंदौर जिले के प्रभारी मंत्री स्वयं मुख्यमंत्री मोहन यादव हैं और यह घटना उनके प्रभार वाले जिले में हुई है।

## आसमान में दिखा नए साल का पहला सुपरमून, अद्भुत था नजारा

**नई दिल्ली।** नए साल के पहला सुपरमून शनिवार को नजर आया। जनवरी की पूर्णिमा को दिखने वाले चांद को वुल्फ मून भी कहा जाता है। यह आम पूर्णिमा के चंद्रमा से 30 फीसदी चमकदार और 14 फीसदी बड़ा होता है। इस स्थिति को फुल इल्यूजन भी कहते हैं। लखनऊ के साथ ही गुवाहाटी, भुवनेश्वर और कोलकाता समेत देश के कई शहरों से सुपरमून का दीदार हुआ। शनिवार को सूर्यास्त के बाद ही सुपरमून का नजारा दिखने लगा।



राजधानी दिल्ली में यह करीब 6 बजे से दिखना शुरू हुआ और 7 बजे के आसपास शानदार दिखा। यह रातभर ऐसे ही चमकेगा। लखनऊ में चंद्रमा क्षितिज पर नीचे की ओर उगा, जिससे उसका नारंगी-पीला रंग दिखाई दिया।

**गुवाहाटी से कोलकाता तक देखने को मिला ऐसा नजर :** गुवाहाटी, भुवनेश्वर और कोलकाता में भी ऐसा ही नजारा देखने को मिला। शहरों की चकाचौंध की अपेक्षा गांव, जंगल या फिर ऊंची छत से इसका नजारा और भी शानदार दिखा।

## शाहदरा में सनसनीखेज दोहरा हत्याकांड, बुजुर्ग दंपति की हत्या

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा इलाके में एक सनसनीखेज दोहरे हत्याकांड ने इलाके में दहशत फैला दी है। राम नगर एक्सटेंशन में स्थित एक मकान के तीसरे मंजिल पर 75 वर्षीय विरेंद्र कुमार बंसल (रिटायर्ड टीचर) और उनकी 65 वर्षीय पत्नी परवेश बंसल (गृहिणी) के शव अलग-अलग कमरों में पड़े मिले। पुलिस को यह जानकारी आधी रात करीब 12:30 बजे पीसीआर कॉल से मिली। कॉल करने वाले दंपति के बेटे वैभव बंसल ने बताया कि उनके माता-पिता बेहोश पड़े हैं और शायद मर चुके हैं। सूचना मिलते ही एमएस पार्क थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वैभव ने पुलिस को बताया कि किसी ने उनके माता-पिता की हत्या कर दी है।




निरीक्षण में विरेंद्र कुमार बंसल के चेहरे पर चोट के निशान मिले। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया गया है। क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और फोटोग्राफी की। पुलिस प्रारंभिक जांच में लूटपाट के इरादे से हत्या की आशंका से इनकार नहीं कर रही है, हालांकि मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है।

दैनिक करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# शहर सीट पर क्यों सुनाई देती है सबसे ज्यादा समाजवादी की मुनादी क्यों साहिबाबाद - मुरादनगर और लोनी में दिखती है खामोशी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में दावेदारी का उसी सीट पर जोर होता है जिस सीट पर समीकरण का शोर होता है। राजनीति में कई फैक्टर काम करते हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि दावेदार उस सीट पर मजबूती से दावेदारी करते हैं जहां उन्हें पॉलिटिकल माईलेज मिलता दिखाई देता है। गाजियाबाद की बात करें और समाजवादी पार्टी के परिपेक्ष में बात करें तो यहां का पॉलिटिकल मैप समाजवादी की साईकिल के लिए एक गैप है। यहां सपा केवल एक बार तब जीत पायी थी जब उपचुनाव था और वो जीत भी तब मिली थी जब प्रदेश में सपा की सरकार भी और कहा जाता है कि यहां आजम खान सहित 18 मंत्रियों ने डेरा डाल लिया था उसके बाद यहां समाज वादी पार्टी के उम्मीदवार सुरेन्द्र मुन्नी लगभग 5000 वोटों से विधानसभा का चुनाव जीते थे। इसके बाद समाजवादी पार्टी यहां कोई चुनाव नहीं जीती। वर्ष 2012 में जब सपा की सरकार आयी तब लखनऊ में अखिलेश यादव की मुख्यमंत्री के तौर पर ताजपोशी हुई थी मगर इस ताजपोशी के बाद भी गाजियाबाद में समाजवादी की खामोशी सुनाई दी थी। यहां हर सीट पर बसपा जीती थी। चुनाव है सब तैयारी कर रहे हैं और इस तैयारी के बीच में एक चर्चा ये है कि आखिर ऐसा क्या है कि शहर सीट पर ही समाजवादी दावेदारी की सबसे अधिक मुनादी सुनाई देती है। पूछने वाले पूछते हैं कि क्या लोनी , मुरादनगर और साहिबाबाद में आबादी नहीं रहती है क्या। शहर सीट की बात करें तो यहां उपचुनाव में सुरेन्द्र मुन्नी जीते और उसके बाद फिर चुनाव तो कई हुए, चुनाव तो कई लड़े लेकिन यहां सपा का कोई फेस रेस में नहीं रहा।

## शहर सीट से मजबूत दावेदारी में वैश्य फैक्टर पर अभिषेक गर्ग का नाम



करंट क्राइम। समाजवादी दावेदारी और शहर सीट की बात करें तो यहां चर्चा में जो चेहरा फिलहाल दिखाई दे रहा है वो चेहरा अभिषेक गर्ग का है। अभिषेक गर्ग उच्च शिक्षित युवा हैं और एक प्रतिष्ठित प्रोफाईल लिये हुए हैं। जनता के बीच रहते हैं और बात को रखना जानते हैं। बुनकरों की बात से लेकर व्यापारियों की बात हो या फिर समाजवादी युवाओं के बीच का मामला हो वो मुददों को सुलझाने की क्षमता रखते हैं। शहर में लगे उनके होर्डिंग उनकी दावेदारी की पुष्टी करते हैं। वैश्य फैक्टर पर यह नाम गम्भीर नाम माना जाता है। हालाकि बताया जाता है कि एक और वैश्य चेहरा इन दिनों सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को इम्प्रैस करने की तैयारी में है। ये कांग्रेस का चेहरा है और यहां इस चेहरे की दुविधा ये है कि उसने आधा ध्यान भाजपा पर और आधा ध्यान सपा पर लगा रखा है।

## सिंहराज से विशाल , शहर सीट पर दावेदारी का भौकाल



करंट क्राइम। साईकिल वाले चाहे हाथ वालों से हाथ मिलाकर लड़ें या बिना हाथ मिलाये लड़ें लेकिन दावेदारों का मेला शहर सीट पर ही है। यहां से विशाल वर्मा समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े। विशाल वर्मा युवा नेता हैं और वो अपने जीवन का पहला चुनाव लड़े। शुरू में यहां उन्हें संगठन नामक शक्ति का भी सपोर्ट मिलता नहीं दिख रहा था। लेकिन जब चुनाव का नतीजा आया तो उन्होंने बसपा के हाथी पर बैठे ब्राहमण महावत को पीछे धकेलते हुए यहां साईकिल की रफ्तार बढ़ा दी और वो ठीक ठाक वोट ले गये। ये तब था जब विशाल वर्मा अकेले दम पर चुनाव लड़े थे और गठबंधन नहीं हुआ था। विशाल वर्मा ने चुनाव हारने के बावजूद भी समाजवादी उम्मीदों को जिंदा रखा और एक नये समीकरण को उन्होंने जन्म दे दिया। इसके बाद इसी समीकरण की सफलता को देखते हुए उपचुनाव में पार्टी सिंहराज जाटव को लेकर आयी। उसके बाद से शहर सीट पर दावेदारों का एक मेला है जबकि बाकी तीन सीट पर सीन बिल्कुल अकेला है। अब लोग भी ये सवाल कर रहे हैं कि आखिर शहर सीट पर ऐसा क्या है कि समाजवादी के टिकट पर चुनाव लड़ने वालों का यहां एक मेला है। बताया ये जाता है कि यहां पर समाजवादी पार्टी की साईकिल का ट्रैक ठीक है। हालाकि दावेदारी करने वाले ये नहीं बता पाते कि जब यहां पार्षद नहीं जीत पाते तो विधानसभा में वोट कैसे मिलते हैं, लेकिन दावेदारी करने वाले दावेदारी कर रहे हैं। जबकि दावेदारी का समाजवादी दबाव मुरादनगर सीट पर कम है , साहिबाबाद में दावेदारों का कोई खास दबाव नहीं है। लेकिन शहर सीट पर विशाल वर्मा एक्टिव हैं, अभिषेक गर्ग एक्टिव हैं। तो सवाल यही है कि आखिर ऐसा क्या है कि साहिबाबाद और मुरादनगर पर खामोश है लेकिन यहां दावेदारों में एक गर्मजोशी है।

## मेयर चुनाव में साईकिल को मिलने वाला माईलेज घटा है



करंट क्राइम। मेयर चुनाव की बात करें तो यह मिनी लोकसभा का चुनाव कहा जाता है। ढाई विधानसभा इसमें आती है। यहां समाजवादी पार्टी की साईकिल कभी रेस में रही है और रनरअप रही है। दमयंती गोयल जब चुनाव जीती थीं तो समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी अंजुला नागपाल दूसरे स्थान पर रही थीं। इसके बाद यहां जब तेलूराम काम्बोज मेयर बने तो सुधन रावत ने कांटे की टक्कर दी थी और आधी रात की जद्दोजहद के बाद यहां भाजपा जीती थी। इसके बाद से फिर साईकिल पिछड़ गयी और इस बदले हुए समीकरण का खामियाजा अभिषेक गर्ग की पत्नी राशि गर्ग और फिर सिकन्दर यादव की पत्नी पूनम यादव को उम्मीदवार के रूप में भुगतना पड़ा। दरअसल ये मेयर का चुनाव था और साहिबाबाद के शहरी क्षेत्र से साईकिल को वोट नहीं मिले।

## साहिबाबाद में क्यों खामोश है समाजवाद



करंट क्राइम। देश की सबसे बड़ी विधानसभा साहिबाबाद है, लेकिन यहां समाजवाद खामोश है। दावेदारी भी नहीं है और ऐसा कोई चेहरा भी यहां एक्टिव नहीं है। जबकि सपा के महानगर अध्यक्ष यहीं रहते हैं। सपा के जुझारू नेता धर्मवीर डबास यहीं रहते हैं। अमरपाल शर्मा पूर्व विधायक हैं लेकिन उनकी भी कोई एक्टिविटी यहां से चुनाव लड़ने की दिखाई नहीं देती है। वो खुद यहां से विधायक रहे हैं। उनकी पत्नी मोहिनी शर्मा यहां से खोड़ा नगरपालिका की चेयरमैन हैं। लेकिन अमरपाल शर्मा यहां से दावेदारी वाले अंदाज में नहीं हैं। ऐसा क्या है कि साहिबाबाद सीट पर कोई खिलाड़ी नहीं जाना चाहता है। इसकी वजह भी ये है कि जब अमरपाल शर्मा जैसे मजबूत खिलाड़ी उतरे तो उन्हें कितने वोट मिले और वो बागपत जैसी लोकसभा से लड़े तो वहां उन्हें कितने वोट मिले। यहीं कारण है कि यहां कोई सीरियस दावेदारी नहीं है। यहां कोई आवाज ही सुनाई नहीं देती।

## मुरादनगर में फिलहाल मजबूत चर्चा में नहीं है कोई नाम



करंट क्राइम। मुरादनगर की बात करें तो यहां समाजवादी पार्टी केवल 2012 में मजबूत दिखाई दी। हालाकि वो सपा की मजबूती थी या दिवंगत पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी की मजबूती थी। यहां पहली बार परिसीमन के बाद चुनाव हुआ और उसमें स्वर्गीय राजपाल त्यागी समाजवादी पार्टी के टिकट पर और महज 3600 वोटों से चुनाव हार गये। इसके बाद यहां ना साईकिल चली और ना ही समाजवादी का शोर सुनाई दिया। अब दिशांत त्यागी जबसे दोबारा साईकिल पर सवार हुए हैं तो उनका नाम जरूर चलता है लेकिन वो रफ्तार नही हैं। एक बार वो निर्दलीय चुनाव का कड़वा अनुभव ले चुके हैं। मुरादनगर से दावेदारी की खामोशी इस बात को लेकर भी है कि यहां अभी तय नहीं है कि यहां गठबंधन पर साईकिल चलेगी या हाथ।




## राशिद ने नहीं किया लोनी का रूख, अब जाकिर ही मारेंगे यहां हुक





करंट क्राइम। लोनी की राजनीति की बात करें तो यहां वोटों का ध्रुविकरण चुनाव को प्रभावित करता है। यहां से समाजवादी पार्टी ने राशिद मलिक को टिकट दिया। राशिद मलिक ने यहां जोरदार एंट्री मारी, मजबूती से चुनाव भी लड़ा, लेकिन चुनाव हारने के बाद फिर उन्होंने लोनी का रूख ही नहीं किया। यहां राशिद मलिक ठीक ठाक वोट तब ले गये थे जब उत्तर प्रदेश में भाजपा की आंधी आयी थी। लेकिन राशिद ने चुनाव हारने के बाद लोनी की तरफ पलटकर नहीं देखा। अगर यहां की सियासी पृष्ठ भूमि की बात करें तो लोनी के विधायक रह चुके हाजी जाकिर अली का यहां मजबूत बेस बताते हैं वो यहां बसपा से विधायक रहे हैं। फिर परिस्थिति ऐसी बनी कि वो साईकिल पर सवार हो गये। यह चेहरा यहां समाजवादी पार्टी की साईकिल को माईलेज देने की स्थिति में है। यहां कई बार दिवंगत औलाद अली के सुपुत्र असद की चर्चा भी चलती है।

# राजदूत बनाने के नाम पर ठगे 50 लाख से डेढ़ करोड़



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर में किराये पर कोठी में चल रहे फर्जी दूतावास मामले में 25 लोगों को राजदूत बनाने के नाम पर ठगी की बात सामने आई है। इसमें 20 लोगों के एसटीएफ ने बयान दर्ज कराए हैं। इनमें सामने आया है कि आरोपी हर्षवर्धन जैन ने माइक्रोनेशन में लोगों को राजदूत बनाने के नाम पर 50 लाख से लेकर डेढ़ करोड़ रुपये तक की ठगी की है। उन्हें कूरियर के जरिये नंबर प्लेट व दस्तावेज भेजे गए।

एसटीएफ नोएडा के एसपी राजकुमार मिश्र ने बताया कि इस मामले में जांच जारी है। ठगी की जानकारी मिलने के बाद इस मामले में कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस मामले में चार्जशीट कोर्ट में पेश की गई है। इसमें हर्षवर्धन के साथ उसके ससुर व साले को भी आरोपी बनाया गया है। इस मामले में पहले ईडी और अब इनकम टैक्स विभाग ने जानकारी मांगी थी, जो उन्हें दे दी गई है। 23 जुलाई 2025 को एसटीएफ ने फर्जी दूतावास पर कार्रवाई करते हुए हर्षवर्धन जैन को गिरफ्तार किया था। उस पर माइक्रोनेशन का राजदूत बनकर नौकरी दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी व मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगे हैं। उसका संबंध विदेशों में बैठे लोगों से भी सामने आया था। उसने 200 से अधिक बार विदेश यात्रा भी की थी। इस मामले में ब्लू कॉर्नर नोटिस जारी करने के बाद एसटीएफ हर्षवर्धन जैन के विदेशों में चल रहे मामलों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

जांच में सामने आया है कि हर्षवर्धन ने एनसीआर ही नहीं, बल्कि दक्षिण भारत, पंजाब, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश समेत अन्य जगहों के कारोबारियों को टारगेट किया था। जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी इंदिरापुरम की एक प्रिंटिंग प्रेस से फर्जी दस्तावेज तैयार करवाता था। इस मामले में प्रेस संचालक से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी उसे जानकारी देकर नंबर प्लेट और कुछ अन्य डॉक्यूमेंट प्रिंट करने के लिए देता था।

# वेंडिंग जोन को लेकर पार्षदों ने कहा, इससे मिलेगा आम आदमी को रोजगार पार्षद बोले, आम आदमी से जुड़े इस मुद्दे पर नहीं होनी चाहिए राजनीति

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम इन दिनों कई स्थानों पर वेंडिंग जोन लेकर आ रहा है। कई वेंडिंग जोन को लेकर आरडब्लूए विरोध में हैं। कई स्थानों पर पूर्व पार्षदों ने इसे लेकर विरोध जताया है। इससे पहले भी नगर निगम में पुराने शहर में वेंडिंग जोन बनाया और यहां नगर निगम ने खोखे आंवटित किये। कन्या वैदिक स्कूल के पास नगर निगम ने कई खोखे आवंटित किये और लोग इनमें रोजगार कर रहे हैं। इसी तरह नवयुग मार्किट में शहीद पथ के पास येवेंडिंग जोन बनाया गया। यहां भी कई लोगों को खोखे आवंटित किये गये। नगर निगम में जनता की डॉयरेक्ट आवाज यानी पार्षद वेंडिंग जोन को लेकर क्या सोच रखते हैं और वेंडिंग जोन को लेकर उनका क्या नजरिया है। दैनिक करंट क्राइम ने इस विषय पर पार्षदों से बात की। पार्षद वेंडिंग जोन को लेकर सकारात्मक जोन में दिखाई दिये। उनका ये मानना है कि नगर निगम का ये प्रयास जहां रोजगार उपलब्ध करायेगा, वहीं इस प्रयास से काफी हद तक अवैध अतिक्रमण भी हट जायेगा।

पार्षदों का मानना है कि कुछ व्यवस्थाओं को अगर सुधार लिया जाये और अगर कुछ चीजों को ध्यान में रखा जाये तो वेंडिंग जोन का आईडिया बुरा नहीं है। वेंडिंग जोन से जहां कई रोजमर्रा की चीजें शहर की कॉलोनियों में ही उपलब्ध होंगी। वहीं इससे नगर निगम की जमीन का भी सदुपयोग होगा। दैनिक करंट क्राइम से बातचीत में अधिकांश पार्षद वेंडिंग जोन के पक्ष में दिखाई दिये।

## जो पहले बने वेंडिंग जोन उन्हें किया जाए व्यवस्थित तरीके से स्थापित: गौरव सोलंकी



करंट क्राइम। पार्षद गौरव सोलंकी ने निगम से मांग की है कि पहले से बने हुए वेंडिंग जोन को व्यवस्थित तरीके से ठीक किया जाए। उनका कहना है कि वैशाली सेक्टर 3 में बिहारी मार्केट में निगम द्वारा जीडीए द्वारा वेंडिंग जोन बनाया गया था, लेकिन आज लोगों ने शोरूम बनाकर किराए पर दे रखे हैं और रेडी पटरी वाले आदमी सड़क किनारे खड़े हो रहे हैं। पहले जो वेंडिंग जोन बने हुए हैं, निगम उन्हें व्यवस्थित तरीके से लोगों को दे और स्थान का चयन ठीक तरीके से करें, ताकि किसी के दबाव में आकर व्यवस्था न बिगड़े। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन का उद्देश्य रेडी पटरी वालों को उचित स्थान प्रदान करना है, न कि शोरूम बनाकर किराए पर देना।

## सरकार ईडब्ल्यूएस मकान की तरह वितरित करें वेंडिंग जोन की दुकान: धीरज अग्रवाल



करंट क्राइम। पार्षद धीरज अग्रवाल ने सरकार से मांग की है कि ईडब्ल्यूएस कोटे की तरह ही गरीब लोगों को वेंडिंग जोन में दुकानें दी जाएं। उनका कहना है कि क्षेत्र के लिए अतिक्रमण मुक्त करने के लिए वेंडिंग जोन जरूरी है। जिस तरह से सरकार ईडब्ल्यूएस कोटे के मकान बनाती है, इसी तरह से क्षेत्र में वेंडिंग जोन होना जरूरी है, जिससे गरीबों को रोजगार मिल सके और उन्हें आए दिन किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि रेडी पटरी वाले आए दिन कोई ना कोई समस्या का सामना कर रहे हैं और लोगों का कहना है कि रेडी पटरी के कारण सबसे ज्यादा अतिक्रमण का कारण होते हैं। यदि एक स्थान रेडी पटरी का निर्धारण होगा तो जाम से भी मुक्ति मिलेगी और गरीबों को रोजगार भी मिलेगा।

## गरीब लोगों को मिलेगा रोजगार जाम से मिलेगी मुक्ति: यशपाल पहलवान



करंट क्राइम। पार्षद यशपाल पहलवान ने कहा कि क्षेत्र में वेंडिंग जोन होने से लोगों को रोजगार मिलेगा और सड़क किनारे खड़े रेडी पटरी वालों के कारण होने वाली जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। नगर निगम एक स्थान चयन करें, जिसमें बेरोजगारों को वह स्थान दिया जाए, जिससे लोगों को किसी भी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि यह स्थान क्षेत्रीय पार्षद और स्थानीय लोगों के सलाह से निर्धारित किया जाना चाहिए। वेंडिंग जोन से न केवल लोगों को रोजगार मिलेगा, बल्कि क्षेत्र में स्वच्छता और व्यवस्था भी बनाए रखने में मदद मिलेगी

## वेंडिंग जोन के लिए कमेटी बनाने की मांग की



करंट क्राइम। पार्षद ओमवती देवी ने कहा कि क्षेत्र में वेंडिंग जोन बनाने के लिए एक कमेटी बनाई जानी चाहिए, जिसमें आम लोगों का भी सहयोग हो। उन्होंने कहा कि इस कमेटी में जनप्रतिनिधि, नगर निगम के अधिकारी और आम जनता के लोग शामिल होने चाहिए, ताकि किसी की भी मनमानी न हो और पारदर्शक कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि वसुंधरा में पहले वेंडिंग जोन बनाया गया था, लेकिन अभी तक उन लोगों को न ही तो दुकान मिली और न ही पैसा वापसी हुआ। उन्होंने कहा कि नगर निगम के अधिकारियों को इस तरह की घटना भविष्य में न हो, इसका ध्यान रखकर वेंडिंग जोन की व्यवस्था करनी चाहिए।

## वेंडिंग जोन के फैसले का स्वागत किया: प्रतिमा शर्मा



करंट क्राइम। पार्षद प्रतिमा शर्मा ने नगर निगम के वेंडिंग जोन बनाने के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह एक बहुत अच्छा फैसला है, जिससे सड़क अतिक्रमण मुक्त हो जाएगी और जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी। शाम और सुबह आने जाने वालों को जाम का सामना करना पड़ता है, जिससे स्कूल में बच्चे भी लेट हो जाते हैं और ड्यूटी से आने वाले लोगों को भी परेशानी होती है। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन बनने से रेडी पटरी से सड़क मुक्त हो जाएगी और जाम से भी मुक्ति मिलेगी, साथ ही लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

# क्या निकला है उत्तराखंड की धरती कोटद्वार के टूर से संदेश

## तैयार हुई है कोई विशेष लॉबी या फिर रहा है नॉर्मल केस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में कुछ भी सामान्य नहीं होता है। राजनीति वाले अगर एकजुट होकर टूर पर जा रहे हैं तो फिर यहां एकजुटता में गुटता के भी संदेश तलाशे जाते हैं। वो लाख कहें कि हम तो भगवान के दर्शन के लिए गये थे लेकिन एक जुट होकर जो प्रदर्शन हुआ उसके पीछे का दर्शन तलाशा जा रहा है। आखिर नये साल पर किस उददेश्य को लेकर सब एक साथ गये हैं इसक भी संदेश तलाशा जा रहा है क्योंकि कहने वाले यही कह रहे हैं कि राजनीति में बिना अर्थ कुछ होता ही नहीं है। नगर निगम कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी और नगर निगम कार्यकारिणी के पूर्व उपाध्यक्ष राजीव शर्मा एक शानदार टूर लेकर गये। मगर टूर के पीछे दूर की क्या सोच है इसे तलाश जा रहा है। इसमें कोई दोराय नहीं है कि यह एक अच्छी पहल है और राजीव शर्मा, प्रवीण चौधरी की संयुक्त तैयारी ने एक बेहतरीन टूर पार्षदों को दिया। ये टूर इसलिए भी एतिहासिक है कि इससे पहले भी कई टूर गये हैं लेकिन उनका नेतृत्व मेयर ने किया है। और ये पहला टूर है जिसमें आयोजक, प्रायोजक सब डिप्टी मेयर और पूर्व डिप्टी मेयर रहे हैं। टूर के संदेश क्या हैं ये सामने आयेंगे। क्योंकि टूर में पार्षद एकता है, टूर में विधायक लगाव है, टूर में सांसद स्नेह है। तो ऐसे में टूर का एक पॉलिटिकल संदेश तो माना ही जायेगा। टूर में पॉलिटिक्स वाले गये हैं या टूर के पीछे कोई पॉलिटिक्स है। टूर इस मामले में भी अलग है कि अबसे पहले भी टूर गये हैं लेकिन उन्हें संगठन अध्यक्ष के रूप में अजय शर्मा लेकर गये हैं। विधायक के रूप में संजीव शर्मा लेकर गये हैं, लेकिन ये टूर कुछ अलग है। क्योंकि इसमें जनता के चुने हुए निर्वाचित पार्षद गये हैं। टूर पर जाने वाले पार्षदों से लेकर मंडल अध्यक्षों का हौंसला बढ़ाने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग आये। पार्षद एकता के नारे को ताकत देने के लिए शहर विधायक संजीव शर्मा टूर में साथ गये। ये टूर लॉबिंग से इसलिए भी जुड़ रहा है कि अब चर्चा ये हो रही है कि अगर मंडल अध्यक्षों को साथ लेकर गये हैं तो फिर इस टूर में महानगर अध्यक्ष क्यों नहीं है, अगर 35 से ज्यादा पार्षद गये हैं तो मेयर क्यों नहीं है। अब भले ही इसे फ्रैंडली टूर बताया जा रहा है लेकिन टूर के ट्रैंड ने यही संदेश दिया है कि कहीं ना कहीं मेयर की संप्रभुता को निगम के स्तर पर इग्नोर किया गया है। अगर मंडल अध्यक्ष जा रहे थे तो एक एक माला महानगर अध्यक्ष भी पहना सकते थे। नॉनपॉलिटिकल टूर इसे इसलिए नहीं कहा जा सकता कि बस की पहली सीट से लेकर आखिरी सीट तक बैठा हर यात्री भाजपाई था। संदेश इसलिए भी हैं कि अगर शहर विधानसभा के मंडल अध्यक्ष गये तो साहिबाबाद के मंडल अध्यक्ष क्यों नहीं गये।




## दिखाई तो देंगे आने वाले समय में इस लैंसडाउन टूर के साईड इफैक्ट, बरफ का मौसम देखा है अभी





गाजियाबाद, करंट क्राइम। इसमें कोई शक नहीं कि प्रवीण चौधरी और राजीव शर्मा ने एक शानदार टूर आयोजित किया। टूर के एक एक इंतजाम को राजीव शर्मा ने संभाला। दोनों लगातार इस बात को कह रहे है कि टूर का कोई पॉलिटिकल कनैक्शन नहीं है। लेकिन जो राजनीति जानते हैं वो ये भी जानते हैं कि चुनाव के समय ये पुरानी फाईल बाहर निकलकर आती हैं। टूर में कोई कुछ भी कहे लेकिन हरी झंडी से लेकर मंडल के प्रधान पर सबका ध्यान है। जिस निगम पार्षदों के दल को लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने हरी झंडी दिखाई तो अगर निगम परिवार था तो फिर ये हरी झंडी मेयर ने क्यों नहीं दिखाई। जो इस टूर में गुटबाजी तलाश रहे हैं वो बता रहे हैं कि इस टूर में चार मंडल अध्यक्ष गये थे और ये चारों मंडल अध्यक्ष कमान्डरी खेमे के थे। अखिर इस टूर में साहिबाबाद विधानसभा के मंडल अध्यक्ष क्यों नहीं गये। पार्षदों पर भी सबकी नजर है और बताने वाले बता रहे हैं कि बात इस पार की हो या उस पार की कुछ लोग तो बंधनों को तोड़ कर गये हैं। सियासत के इफैक्ट बाद में नजर आते हैं। ये साल 2026 का है और इसके बाद 2027 आयेगा। राजनीति में मैमोरी काफी शॉर्प होती है और ये डिलीट नहीं होती। इसमें कई यादों को आने वाले समय के लिए संभालकर रखा जाता है। जब टिकट की बेला आयेगी तो फलैशबैक से ये टूर भी निकलकरआयेगा। वहीं दूसरी तरफ राजनीति यहीं संदेश दे रही है कि अब पार्षदों की एक नयी लॉबी तैयार हो रही है। एक ऐसी नयी लॉबी है जो राजनीति की अपनी इबारत लिख रही है। गाजियाबाद की राजनीति में कहीं हैवीवेट पावर का सेंटर है तो कहीं हाईवोल्टेज पावर सेंटर है। चर्चा यहीं है कि लाख अब कोई कुछ भी कहे लेकिन पानी की लकीरें अगर पत्थर पर पड़ जायें तो निशान बनाती हैं। नयी लॉबी ने भी ये संदेश दे दिया है कि आने वाला समय हमारा है ।

# संपादकीय

## इंदौर जल संकट उजागर

इंदौर में दूषित पेयजल से मौतों पर स्थानीय लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद भी मौतों के आंकड़ों पर लीपापोती का प्रयास जारी है। यह घटना देश में स्वच्छ पेयजल की कमी और बेहतर जल प्रबंधन की तत्काल आवश्यकता को उजागर करती है। स्वच्छता रैंकिंग में लगातार टॉप पर आने वाले इंदौर में दूषित पेयजल की वजह से हुई मौतें लापरवाही का नतीजा हैं। स्थानीय लोगों का यह आरोप बेहद गंभीर है कि पानी की क्वॉलिटी को लेकर लगातार शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं की गई। और दुर्भाग्य से इतनी बड़ी वारदात के बाद भी अदालत को दखल देकर स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था करने का आदेश देना पड़ रहा है।

अलग-अलग आंकड़े मध्य प्रदेश हाई कोर्ट में सुनवाई के दौरान नगर निगम की तरफ से दाखिल स्टेटस रिपोर्ट में दूषित पेयजल की वजह से केवल चार मौतें बताई गई हैं, जबकि वहीं के मेयर का कहना है कि 10 लोगों की मौत हुई और दूसरे सोर्स संख्या 15 बता रहे हैं। मौत के आंकड़ों पर बहस साबित करती है कि अब भी इस घटना से सबक लेने के बजाय लीपापोती करने का प्रयास है। दूषित पेयजल की वजह से एक भी मौत होना शर्मनाक है और यहां तो 200 से ज्यादा लोगों को हॉस्पिटल में भर्ती करना पड़ा। कार्रवाई काफी नहीं राज्य सरकार ने नगर निगम के आयुक्त को कारण बताओ नोटिस जारी किया है, अपर नगर आयुक्त को इंदौर से हटा दिया है और प्रभारी अधीक्षण अभियंता से जिम्मेदारी वापस ले ली है। लेकिन, क्या इतना काफी है? इस तरह की 'रूटीन' कार्रवाई जिम्मेदारों को सबक नहीं देतीं, बल्कि पीड़ितों का मजाक बनाती हैं। यहां ऊपर से नीचे तक, सभी की जवाबदेही तय होनी चाहिए।

सुधार की जरूरत इंदौर के भागीरथपुरा की घटना जरूरी नागरिक सुविधाओं की कमी की ओर भी इशारा करती है। आज भी देश में हर एक लाख आबादी पर औसतन लगभग 35 लोगों की दूषित पेयजल की वजह से जान जाती है। ग्लोबल एवरेज की तुलना में यह लगभग तीन गुना है। बेशक सरकार ने जल जीवन मिशन जैसे अभियान चलाए हैं, जिसकी बदौलत करीब 81% ग्रामीण घरों में टैप वॉटर पहुंचाने का दावा है, लेकिन अब भी सुधार की बहुत जरूरत है।

चुनौती और बढ़ेगी भारत ने 2047 तक विकसित देशों की कतार में खड़े होने का लक्ष्य रखा है, लेकिन पहले आम लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करना होगा। 2050 तक भारत की आबादी 1.7 अरब तक होने का अनुमान है और तब पानी के संसाधनों पर और दबाव पड़ेगा। देश को बेहतर वॉटर मैनेजमेंट के साथ सिस्टम को सुधारने की जरूरत है, तभी इस चुनौती का सामना किया जा सकता है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय आनुवांशिक अध्ययन में पाया गया कि अंग्रेज वास्तव में फ्रेंच और जर्मन हैं और वेल्श असली ब्रिटान हैं।
- ऑक्सफोर्ड में 38 व्यक्तिगत कॉलेज और 5 निजी हॉल हैं।
- ऑक्सफोर्ड क्षमता विश्लेषण परीक्षा नामक एक ₹व्यक्तित्व परीक्षण₹ है, जो वास्तव में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय या किसी अन्य ऑक्सफोर्ड से संबंधित कोई वैज्ञानिक रोग परीक्षण नहीं है।
- ऑक्सफोर्ड के आंकड़ों से पता चलता है कि विश्वविद्यालय में 22,000 छात्र हैं, जिनमें से 11,772 पूर्वस्नातक छात्र हैं और 9.850 स्नातक छात्र हैं। 62% स्नातक छात्र ब्रिटेन से नहीं हैं।
- एक ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय सम्मेलन का अनुमान है कि साल 2100 तक होने वाली मानव विलुप्त होने की घटना की संभावना 19% होनी चाहिए।
- मेरे बहुत पसंदीदा मिस्टर बीन (रोवन एटकिन्सन) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय गये थे। उन्होंने न्यूकैसल विश्वविद्यालय में अध्ययन किया और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में अपने मास्टर की डिग्री प्राप्त की थी।
- ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय की अपनी पुलिस बल था, जिसे साल 2003 तक समाप्त नहीं किया गया था।
- ऑक्सफोर्ड में एबिंगडन स्कूल में भाग लेने के दौरान रेडियोहेड (एबिंगडन से एक अंग्रेजी रॉक बैंड) का गठन किया गया था।
- साल 1950 तक, संसद में ऑक्सफोर्ड के भूतपूर्व छात्र के लिए हमेशा दो सीटों की गारंटी थी।

## राशिफल

**मेष:** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। ऐश्वर्य के साधनों पर व्यय होगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**वृष:** चोट व दुर्घटना से हानि तथा पीड़ा का योग बनता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

**मिथुन:** कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में अधिकारी वर्ग प्रसन्नता जाहिर करेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**कर्क:** स्थायी संपत्ति में वृद्धि के योग हैं। पार्टनरों से सहयोग प्राप्त होगा। कोई कारोबारी बड़ा सौदा लाभ दे सकता है। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। रोजगार में वृद्धि होगी।

**सिंह:** शत्रु परास्त होंगे। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लाभ प्राप्त होगा। जीवन सुखमय व्यतीत होगा।

**कन्या:** बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। उत्साह में कमी रहेगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। दौड़धूप अधिक रहेगी। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी।

**तुला:** व्यापार-व्यवसाय में लाभ के योग हैं। मित्रों की सहायता कर पाएंगे। मेहनत का फल मिलेगा। नौकरी मे प्रभाव बढ़ेगा। उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक:** घर में मेहमानों का आगमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम हो सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति के योग हैं।

**मकर:** वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। फालतू खर्च होगा। कुसंगति से हानि होगी। बड़ों की सलाह मानें, लाभ होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

**कुंभ:** यात्रा लाभदायक रहेगी। रुका हुआ धन प्राप्ति के योग हैं, प्रयास करें। कारोबार मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** मित्रों तथा संबंधियों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्य पूर्ण होंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए काम मिलेंगे।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

## संतुलित उर्वरक उपयोग पर सरकार का फोकस: जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने शनिवार को कहा कि सरकार विभिन्न विभागों के समन्वय से संतुलित उर्वरक उपयोग और गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए उर्वरकों के उपयोग से संबंधित मुद्दों का समाधान करेगी। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक दिवसीय चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमेशा किसानों को शासन के केंद्र में रखा है और नीतियों का उद्देश्य किसानों के जीवन को आसान बनाना होना चाहिए।



उन्होंने कहा, विभिन्न चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद विभाग ने किसानों की उर्वरक जरूरतों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। उन्होंने बताया कि किसान हितैषी नीतियों के कारण इस वर्ष रिकॉर्ड उत्पादन हुआ और आवश्यकतानुसार आयात भी किया गया।

उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यह विचार-मंथन सत्र वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में उपयोगी सुझाव देने में सहायक होगा। उर्वरक सचिव रजत कुमार मिश्रा ने कहा कि सरकार ने विचार-विमर्श में किसानों को केंद्र में रखा है। उन्होंने कहा, इस शिविर को इतना संवादात्मक बनाया गया है कि हर विचार पर चर्चा हो सके और सामूहिक समझ से बेहतर नतीजे सामने आएं।

## बजट 2026 से पहले चावल निर्यातकों का ज्ञापन, वित्त मंत्री से बड़ी अपील

**नई दिल्ली।** भारतीय चावल निर्यातक महासंघ ने केंद्रीय बजट में 'ग्रीन इंसेंटिव' और ब्याज पर छूट की वकालत की है। संघ ने बजट से पहले वित्त मंत्री को अपनी जरूरतों के बारे में बताया है।

बजट चावल निर्यातकों के संघ आईआरईएफ ने बजट 2026 से पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को औपचारिक ज्ञापन सौपा है। संघ ने सरकार से आगामी बजट में बासमती और गैर बासमती चावल के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए लक्षित राजकोषीय और नीतिगत उपायों का खाका पेश करने की अपील की है। संघ ने वित्त मंत्री को भेजे अपने ज्ञापन में भारतीय अर्थव्यवस्था, ग्रामीण रोजगार और वैश्विक खाद्य सुरक्षा के लिहाज से भारत के चावल निर्यात के महत्व के बारे में भी बताया।



संघ ने अपने पत्र में लिखा ह्चावल क्षेत्र पर्यावरण से जुड़ी दिक्कतों से जूझ रहा है। (विशेष रूप से प्रमुख धान उत्पादक क्षेत्रों में भूजल की कमी), खरीद और भंडारण की उच्च राजकोषीय लागत और बाजार/अनुपालन अस्थिरता का सामना कर रहा है। केंद्रीय बजट 2026 लक्षित राजकोषीय और सहायक उपायों के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मकता को मजबूत करने के साथ-साथ स्थिरता और किसानों के लाभों में सुधार कर सकता है।

आईआरईएफ ने चावल मूल्य शृंखला में स्थिरता, प्रतिस्पर्धात्मकता और किसानों की आय को मजबूत करने के उद्देश्य से प्राथमिकता वाली मांगों को भी वित्त मंत्री से साझा किया है। इसमें पर्यावरण पर पड़ने वाले दबाव को कम करने और दीर्घकालिक उत्पादकता में सुधार लाने के लिए जल-बचत और कम उत्सर्जन वाली प्रमाणित पद्धतियों, जैसे कि वैकल्पिक गीलापन और सुखाने (एडब्ल्यूडी), सीधे बोए गए चावल (डीएसआर), लेजर भूमि समतलीकरण और ऊर्जा-कुशल पिसाई से जुड़े कर और निवेश प्रोत्साहन की मांग की गई।

उन्होंने किसानों को प्रीमियम बासमती और जीआई-टैग वाले जैविक और विशेष गैर-बासमती चावल की खेती की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहन देने का भी आह्वान किया।

## चुटकुले

टीचर : पप्पू, तुम क्लास में इतना चुप क्यों हो?
पप्पू : मैडम, आज मौन-व्रत है।
टीचर : रोज क्यों होता है?
पप्पू : क्योंकि रोज पढ़ाई होती है!

---

पत्नी : सुनो जी, तुम मुझसे कितना प्यार करते हो?
पति : बहुत ज्यादा!
पत्नी : कितना ज्यादा?
पति : जितना वाई फाई से कटते ही बेचैनी हो जाती है!

---

दोस्त : भाई, तू इतना फिट कैसे है?
गोलू : मैं रोज दौड़ता हूँ।
दोस्त : कहाँ तक?
गोलू : मोबाइल की बैटरी खत्म होने तक!

---

मरीज : डॉक्टर साहब, मुझे भूलने की बीमारी है।
डॉक्टर : कब से?
मरीज : कौन सी बीमारी?
डॉक्टर : समझ गया... फीस भूलना मत!

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## ग्रोक एआई विवाद: अवैध कंटेंट बनाने वालों पर होगी वही कार्रवाई, एलन मस्क का बयान

**नई दिल्ली।** ग्रोक एआई के विवादित कंटेंट बनाने के मामले में माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने स्पष्ट किया है कि जो यूजर एक्स के एआई टूल ग्रोक का इस्तेमाल करके अवैध, अश्लील या गैरकानूनी कंटेंट बनाएंगे, उनके खिलाफ वही कार्रवाई होगी जो ऐसा कंटेंट अपलोड करने वालों पर होती है।

माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक एलन मस्क ने साफ कहा है कि जो लोग एक्स के एआई टूल ग्रोक का इस्तेमाल करके अवैध, अश्लील या गैरकानूनी कंटेंट बनाएंगे, उनके खिलाफ वही कार्रवाई होगी, जो ऐसा कंटेंट अपलोड करने वालों पर होती है। यह बयान ऐसे समय आया है, जब भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (टी३) ने एक्स को निर्देश दिया है कि वह ग्रोक से बने सभी अश्लील, आपत्तिजनक और गैरकानूनी कंटेंट को तुरंत हटाए। ऐसा न करने पर कानून के तहत कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।



**ग्रोक को दोष देना ठीक नहीं- मस्क :** एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट के जवाब में कहा कि ग्रोक को दोष देना ठीक नहीं है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे कोई पेन अपने आप गलत बात नहीं लिखता, वैसे ही ग्रोक भी अपने आप गलत कंटेंट नहीं बनाता। यह पूरी तरह यूजर पर निर्भर करता है कि वह क्या इनपुट देता है। इसलिए जिम्मेदारी यूजर की ही होगी।

**राज्यसभा सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की थी शिकायत :** मंत्रालय ने एक्स को 72 घंटे के भीतर यह बताने को कहा है कि उसने अब तक क्या कार्रवाई की है। मंत्रालय का कहना है कि उसे कई बार शिकायतें मिली हैं कि एक्स पर कुछ कंटेंट कानून के मुताबिक शालीनता और मयार्दा के नियमों का उल्लंघन कर रहा है। यह मामला तब और गंभीर हुआ, जब राज्यसभा सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर महिलाओं की फर्जी और अश्लील तस्वीरें बनाने के लिए ग्रोक के दुरुपयोग पर चिंता जताई। सरकार का कहना है कि ग्रोक का गलत इस्तेमाल कर कुछ लोग महिलाओं की छवि खराब करने वाले वीडियो और तस्वीरें बना रहे हैं।

## 05 01 2026 करंट क्राइम — आज के जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com



# टी20 विश्व कप के लिए भारत नहीं आएगी बांग्लादेश की टीम, आईसीसी से श्रीलंका में मैच कराने कहा



**ढाका।** मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने के बाद विवाद बढ़ता जा रहा है। अब बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने स्पष्ट कर दिया है कि वह टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने फैसला किया है कि वह टी20 विश्व कप के लिए अपनी टीम भारत नहीं भेजेगा। भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद उस वक्त से गरमा गया है जब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टीम से बाहर करने कहा था। अब बांग्लादेश के एक समाचार वेबसाइट द डेली स्टार के अनुसार, बीसीबी ने टी20 विश्व कप के लिए भारत की यात्रा करने से इनकार कर दिया है।

**खेल मंत्रालय ने बीसीबी को दिए थे निर्देश**

इससे पहले, बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री ने बीसीबी को निर्देश दिया था कि वह आईसीसी से बांग्लादेश के मुकाबले श्रीलंका में आयोजित करने की मांग उठाने कहा था। बांग्लादेश के खेल मंत्रालय का मानना है कि मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बीसीबी के अध्यक्ष और बांग्लादेश के पूर्व कप्तान अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने के बाद बोर्ड की आपातकालीन बैठक बुलाई थी।

**चार लीग मैच बांग्लादेश को भारत में खेलने हैं**

बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है। बांग्लादेश के लीग मैच वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ कोलकाता में और नेपाल (17 फरवरी) के खिलाफ मुंबई में है।

बांग्लादेश को ग्रुप सी में इटली, नेपाल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है।

**आईपीएल का विवाद आईसीसी तक पहुंचा**

दरअसल, पूरे विवाद की शुरूआत मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने से शुरू हुई। केकेआर ने पिछले महीने मिनी नीलामी में मुस्तफिजुर को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। लेकिन बीसीसीआई के निर्देश पर केकेआर ने इस बांग्लादेशी गेंदबाज को टीम से बाहर कर दिया। मुस्तफिजुर को लेने पर भारत में विरोध हो रहा था और कई राजनेताओं तथा कथावाचक ने इसे लेकर केकेआर के मालिका शाहरुख खान को घेरा था। मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद बीसीबी बौखला गया है और यही कारण है कि उसने भारत में अपनी टीम भेजने से इनकार कर दिया है। हालांकि, इस पर आखिरी फैसला क्रिकेट की वैश्विक संस्था आईसीसी को लेना है जिसके अध्यक्ष जय शाह हैं।

# टी-20 विश्व कप में अपने मैच भारत से बाहर खेलेगा बांग्लादेश? सुरक्षा को बना रहा बहाना

**नई दिल्ली।** मुस्तफिजुर रहमान को लेकर अब भारत और बांग्लादेश के बीच विवाद बढ़ता नजर आ रहा है। इस मामले में अब बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री भी कूद गए हैं।

तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर करने के बाद विवाद गहराता जा रहा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को उसके खेल मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि वह टी20 विश्व कप के अपने लीग मैच भारत के बजाए श्रीलंका में खेलने की मांग करे। बांग्लादेश के खेल मंत्रालय का मानना है कि मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

**केकेआर ने मुस्तफिजुर को किया था बाहर**

मालूम हो कि शनिवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को निर्देश दिए थे कि वह मुस्तफिजुर को रिलीज कर दे। इसके थोड़ी देर बाद ही फ्रेंचाइजी ने बांग्लादेश के इस तेज गेंदबाज को टीम से बाहर कर दिया था। केकेआर ने पिछले महीने मिनी नीलामी में मुस्तफिजुर को 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था।

**बोर्ड ने बुलाई आपात बैठक**

बीसीबी के अध्यक्ष और बांग्लादेश के पूर्व कप्तान अमीनुल इस्लाम बुलबुल ने इस घटनाक्रम के बाद हुई आपातकालीन बोर्ड बैठक में कोई भी सार्वजनिक टिप्पणी करने से परहेज किया। हालांकि, बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने कहा कि उन्होंने बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह जय शाह के नेतृत्व वाली आईसीसी से बांग्लादेश के चार लीग मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए कहे। बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है।

नजरुल ने अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट किया, खेल मंत्रालय के प्रभारी सलाहकार के रूप में मैंने क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह पूरे मामले को लिखित रूप में प्रस्तुत करे और आईसीसी को स्पष्ट करे। बोर्ड को यह स्पष्ट करना होगा कि यदि कोई बांग्लादेशी क्रिकेटर अनुबंध के तहत होने के बावजूद भारत में नहीं खेल सकता है तो बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीम विश्व कप खेलने के लिए भारत की यात्रा को सुरक्षित नहीं मान सकती। मैंने बोर्ड को यह भी निर्देश दिया है कि वह औपचारिक रूप से अनुरोध करे कि बांग्लादेश के विश्व कप मैच श्रीलंका में आयोजित किए जाएं।

# क्या भारतीय टीम के दरवाजे मोहम्मद शमी के लिए हो गए बंद



**भारतीय टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भी नहीं चुना गया है। लेकिन इरफान पठान उनके समर्थन में उतरे हैं।**

**शमी के लिए भारतीय टीम में वापसी के दरवाजे अभी भी खुले हैं : इरफान पठान**

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी लंबे वक्त से भारतीय टीम से बाहर चल रहे हैं, लेकिन पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान का मानना है कि शमी के लिए भारतीय टीम में वापसी के दरवाजे अभी भी खुले हैं। शमी को 11 जनवरी से शुरू होने वाली न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए नजरअंदाज किया गया है जिसके बाद से ही उनके करियर को लेकर अटकलें एक बार फिर शुरू हो गई हैं।

**आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में खेले थे शमी:** शमी आखिरी बार आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत के लिए खेले थे। इसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं। हालांकि, कई महीनों तक टीम से बाहर रहने के बावजूद इरफान को लगता है कि शमी में अभी भी राष्ट्रीय टीम में वापसी करने की क्षमता है। इरफान ने कहा, सबसे ज्यादा चर्चा मोहम्मद शमी की हो रही है। उनका भविष्य क्या है? वो कोई ऐसे खिलाड़ी नहीं हैं जो कल आए, कुछ मैच खेले और चले गए। उन्होंने 450-500 अंतरराष्ट्रीय विकेट लिए हैं, जो एक बहुत बड़ी संख्या है। अगर आपने 400 से ज्यादा विकेट लिए हों और फिर आपको टीम से बाहर कर दिया जाए और आपकी फिटनेस पर सवाल उठने लगें तो ऐसा सबके साथ होता है। जब तक आप क्रिकेट खेलते हैं आपको खुद को साबित करते रहना होगा।

**इरफान ने आईपीएल में प्रदर्शन को बताया महत्वपूर्ण:** इरफान ने कहा, शमी पहले ही 200 ओवर फेंक चुके हैं। 200 ओवर फेंकने के बाद अगर फिटनेस की बात हो, तो फिटनेस तो दिख ही चुकी है। अब और क्या सुधार की जरूरत है, ये तो सिर्फ चयन समिति ही जानती है कि वो क्या सोच रही है। अगर मैं उनकी जगह होता तो मैं आईपीएल खेलने जाता और धमाल मचा देता। मैं नई गेंद से गेंदबाजी करता और उसी स्तर का प्रदर्शन करता।

घरेलू क्रिकेट में प्रदर्शन की चर्चा होती है, लेकिन जब आईपीएल आता है और आप अपनी पुरानी लय और फिटनेस दिखाते हैं तो कोई आपको नजरअंदाज नहीं कर सकता। पूरी दुनिया आईपीएल देखती है। अगर आप वहां अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो टीम में आपकी जगह पक्की हो जाती है। मुझे लगता है कि उनके दरवाजे बंद नहीं होने चाहिए।



**घरेलू क्रिकेट में दिखाया है दम**

राष्ट्रीय टीम से बाहर किए जाने के बाद से शमी घरेलू क्रिकेट में कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। इस तेज गेंदबाज ने मौजूदा सीजन में रणजी ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में 200 से अधिक ओवर फेंके हैं और कुल 47 विकेट लिए हैं। विजय हजारे ट्रॉफी में शमी बंगाल के लिए सात पारियों में 15 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। विजय हजारे ट्रॉफी के बाद शमी रणजी ट्रॉफी के शेष मैचों में खेलेंगे जिसके बाद आईपीएल शुरू होगा जहां वह लखनऊ सुपर जाएंट्स का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# पहले दिन का खेल बारिश के कारण जल्द समाप्त

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच सिडनी में पांचवां एशेज टेस्ट मैच खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त हो चुका है। बारिश ने शुरूआती दिन मैच में खलल डाली जिससे दिन का खेल जल्द खत्म करना पड़ा।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच सिडनी में खेला जा रहा पांचवें एशेज टेस्ट मैच के पहले दिन का खेल बारिश के कारण जल्द समाप्त करना पड़ा। इंग्लैंड ने दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में तीन विकेट पर 211 रन बनाए हैं। स्टंप्स के समय हैरी ब्रूक 78 और जो रूट 72 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए फिलहाल मिचेल स्टार्क, माइकल नेसर और स्कॉट बोलैंड को एक-एक विकेट मिले हैं।

## दोनों टीमों ने किए एक-एक बदलाव

इससे पहले, इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। दोनों टीमों ने अपनी प्लेइंग-11 में एक-एक बदलाव किए। इंग्लैंड ने इस मैच के लिए गस एटकिंसन की जगह मैथ्यू पॉट्स को एकादश में शामिल किया। वहीं, ऑस्ट्रेलियाई टीम में झाई रिचर्ड्सन की जगह ब्यू वेबस्टर को मौका मिला है।

**रूट-ब्रूक ने इंग्लैंड को संभाला; स्कोर 200 के पार**



## इंग्लैंड की खराब शुरूआत

पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 57 रन के स्कोर पर ही तीन विकेट गंवा दिए। मिचेल स्टार्क ने इंग्लैंड टीम को पहला झटका दिया। स्टार्क ने बेन डकेट को एलेक्स कैरी के हाथों कैच कराया जो 24 गेंदों पर पांच चौकों की मदद से 27 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद माइकल नेसर ने जैक क्राउली को एलबीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड को दूसरा झटका दिया। क्राउली 29 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 16 रन बनाकर पवेलियन लौटे। फिर स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल को अपना निशाना बनाया और कैरी के हाथों कैच कराकर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। बेथेल 10 रन बनाकर आउट हुए।

रूट-ब्रूक की शानदार साझेदारी

शुरूआती झटके लगने के बाद रूट और ब्रूक ने इंग्लैंड की पारी को संभाला। इन दोनों बल्लेबाजों ने सधी हुई बल्लेबाजी की और जिम्मेदारी से पारी आगे बढ़ाई। रूट और ब्रूक के बीच चौथे विकेट के लिए अब तक 154 रनों की साझेदारी पूरी हो गई है। रूट और ब्रूक की अच्छी साझेदारी के बीच खराब रोशनी के कारण खेल रोकना पड़ा और टी ब्रेक की घोषणा जल्द कर दी गई। मैच हालांकि इसके बाद शुरू नहीं हो सका। खराब रोशनी के बाद बारिश ने मैच में रुकावट डाली और तमाम कोशिशों के बावजूद दिन का खेल फिर शुरू नहीं हो सका जिस कारण स्टंप्स की घोषणा कर दी गई। रूट और ब्रूक की नजरें अब दूसरे दिन साझेदारी को और मजबूत करने पर टिकी होंगी, जबकि ऑस्ट्रेलिया की कोशिश इस साझेदारी को तोड़ने की होगी।

## बॉन्डी बीच हमले के पीड़ितों को दी गई श्रद्धांजलि

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर बॉन्डी बीच पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी गई। मैच शुरू होने से पहले दोनों टीमों के सदस्यों के साथ ग्राउंड पर सभी मौजूद सभी लोगों ने इस हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान स्क्रीन पर बॉन्डी बीच गोलीबारी हमले के पीड़ितों के नाम भी दिखाए गए।

## इंडियन सुपर लीग सत्र को लेकर अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ का एलान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने कहा है कि इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के 2025-26 सत्र की शुरूआत की तारीख अगले सप्ताह घोषित की जाएगी। यह घोषणा उस समन्वय समिति की रिपोर्ट सौंपे जाने के बाद की जाएगी जिसे इस मामले की समीक्षा के लिए गठित किया गया था। एआईएफएफ ने शनिवार को आपात समिति की बैठक के बाद कहा कि शीर्ष स्तरीय लीग का आयोजन किया जाएगा।

# 'बीसीसीआई ने कुछ गलत नहीं किया'

## मुस्तफिजुर को बाहर करने पर बोर्ड को मिला पूर्व कप्तान का समर्थन



**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के निर्देश पर केकेआर ने मुस्तफिजुर रहमान को टीम से रिलीज कर दिया था। अब इस फैसले पर बोर्ड को पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन का साथ मिला है।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के समर्थन में उतरे हैं। अजहरुद्दीन ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने पर बोर्ड की सराहना की है। कई राजनेताओं ने पड़ोसी देश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा की बार-बार होने वाली घटनाओं का हवाला देते हुए टूनार्मेंट में बांग्लादेशी तेज गेंदबाज को शामिल किए जाने पर खुलकर अपनी नाराजगी व्यक्त की थी।

## केकेआर ने मुस्तफिजुर को दिखाया बाहर का रास्ता

लगातार बढ़ रहे विवाद को देखते हुए बीसीसीआई ने आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को निर्देश दिया था कि वह मुस्तफिजुर को टीम से रिलीज कर दे जिसके बाद केकेआर ने मुस्तफिजुर को बाहर का रास्ता दिखाया था। केकेआर ने मुस्तफिजुर को आईपीएल नीलामी में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने बांग्लादेश में उत्पन्न दुखद स्थिति की निंदा की और बीसीसीआई की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की।


अजहरुद्दीन ने कहा, बोर्ड ने कुछ भी गलत नहीं किया है। बांग्लादेश में जो हो रहा है वह अच्छा नहीं है। लेकिन खेल जगत में मामला अलग है। हालांकि, बोर्ड ने जो भी फैसला लिया है, वह विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय से सलाह मशवरा करने के बाद ही लिया होगा।

## भारत और बांग्लादेश आमने-सामने

मुस्तफिजुर को आईपीएल से बाहर करने के बाद विवाद गहराता जा रहा है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) को उसके खेल मंत्रालय ने निर्देश दिया है कि वह टी20 विश्व कप के अपने लीग मैच भारत के बजाए श्रीलंका में खेलने की मांग करे।

बांग्लादेश के खेल मंत्रालय का मानना है कि मुस्तफिजुर को बाहर करने के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के खेल मंत्री आसिफ नजरुल ने कहा कि उन्होंने बोर्ड को निर्देश दिया है कि वह जय शाह के नेतृत्व वाली आईसीसी से बांग्लादेश के चार लीग मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के लिए कहे। बांग्लादेश को अपने चार लीग मैच में से तीन कोलकाता और एक मुंबई में खेलना है।

# एशियाड के लिए 100 मीटर में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना जरूरी



**एएफआई ने क्वालिफाइंग मानक जारी किया**

**नई दिल्ली ।** इस साल सितंबर-अक्तूबर में एशियाई खेलों का आयोजन होना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ भी इसकी तैयारियों में जुट गया है और उसने एशियाड के लिए क्वालिफाइंग मानक घोषित कर दिए हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने जापान में 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक होने वाले 20वें एशियाई खेलों (एशियाड) के लिए क्वालिफाइंग मानक घोषित कर दिए। इस बार पुरुषों की 100 मीटर दौड़ और पोल वॉल्ट में चयन के लिए राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ना जरूरी होगा।

चयन समिति के चेयरमैन आदिल सुमारीवाला ने कहा, मिश्रित 4x100 मीटर रिले और मैराथन वॉक जैसे नए इवेंट्स के लिए मानक बाद में तय होंगे। इसका फैसला एशियाई रिले और वर्ल्ड रिले के बाद लिया जाएगा। खिलाड़ियों को राज्य चैंपियनशिप में भाग लेना अनिवार्य होगा और कुल तीन प्रतियोगिताओं (दो अंतर-राज्य, राष्ट्रीय ओपन) में हिस्सा लेना जरूरी है। कम से कम दो प्रतियोगिताओं में मानक के करीब प्रदर्शन और अंतिम इवेंट में मानक हासिल करना अनिवार्य है।

**चोट से उबर रहे नीरज, साल का कैलेंडर तैयार**

चोट के चलते विश्व चैंपियनशिप खिताब बचाने में असफल रहे भाला फेंक स्टार नीरज चोपड़ा कोच जैन जेलेग्नी के साथ 2026 का कैलेंडर तैयार कर चुके हैं।

सुमारीवाला बोले, जेलेज्नी के पास नीरज का पूरा कैलेंडर है। वह चोट से उबर रहे हैं। चैंपियनशिप में दो चोटों के बावजूद उन्होंने हिस्सा लिया। हालांकि, वह सीजन की शुरूआत किस टूनार्मेंट से करेंगे, इसकी जानकारी नहीं है।

# बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के लिए टीम घोषित की, लिटन दास होंगे कप्तान



## मुस्तफिजुर भी शामिल




**ढाका।** बांग्लादेश ने टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की। इसमें मुस्तफिजुर रहमान को भी शामिल किया गया जो पिछले कुछ दिनों से विवादों में चल रहे हैं।

बांग्लादेश ने अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। इस वैश्विक टूनार्मेंट का आयोजन सात फरवरी से आठ मार्च तक भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होगा। बांग्लादेश की टीम इस टूनार्मेंट में विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास की अगुआई में खेलने उतरेगी, जबकि सैफ हसन टीम के उपकप्तान होंगे।

**बांग्लादेश ग्रुप सी में शामिल**

मुस्तफिजुर रहमान उन पांच तेज गेंदबाजों में शामिल हैं जिन्हें टीम में जगह मिली है। उनके साथ मोहम्मद सैफुद्दीन, शोरिफुल इस्लाम, तस्कीन अहमद और तंजीम हसन साकिब भी हैं। मुस्तफिजुर ने हाल ही में टी20 क्रिकेट में 400 विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज का रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने यह उपलब्धि अपने 315वें मैच में हासिल की थी। बांग्लादेश का पहला मैच सात फरवरी को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में वेस्ट इंडीज के खिलाफ खेला जाएगा। बांग्लादेश को ग्रुप सी में इटली, नेपाल, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के साथ रखा गया है। बांग्लादेश को लीग चरण में अपने तीन मैच कोलकाता और एक मैच मुंबई में खेलना है।


## शांतो को नहीं मिली जगह



पूर्व कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को पिछले दिसंबर में बीपीएल में सिलहट टाइटन्स के खिलाफ राजशाही वॉरियर्स के लिए शतक बनाने के बावजूद टीम में जगह नहीं मिली। वहीं, आईपीएल से बाहर करने के बाद विवादों में चल रहे तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को टी20 विश्व कप टीम में जगह दी गई है। मुस्तफिजुर को कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने आईपीएल नीलामी में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन फ्रेंचाइजी ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देश के चलते मुस्तफिजुर को टीम से रिलीज कर दिया था।

**टी20 विश्व कप 2026 के लिए बांग्लादेश टीम:**

लिटन दास (कप्तान), सैफ हसन (उपकप्तान), तंजीद हसन तमीम, मोहम्मद परवेज हुसैन इमोन, तौहीद हृदोय, शमीम हुसैन पटवारी, नुरुल हसन सोहन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नासुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, मोहम्मद सैफुद्दीन और शोरिफुल इस्लाम।




# समाधान शक्ति सामाजिक संस्था द्वारा पप्पू पहलवान के नेतृत्व में स्वर्गीय दिनेश चंद गर्ग की स्मृति में विचार गोष्ठी आयोजित







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के तत्वावधान में महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व में गाजियाबाद के प्रथम महापौर स्वर्गीय दिनेश चंद गर्ग की स्मृति में उनकी जन्म-जयंती की पूर्व संध्या पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन विद्या बाल भवन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, वसुंधरा सेक्टर-11, गाजियाबाद में किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय दिनेश चंद गर्ग के चित्र पर उपस्थित सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व गृहमंत्री बालेश्वर त्यागी की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर बालेश्वर त्यागी द्वारा सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वर्गीय दिनेश चंद गर्ग के व्यक्तित्व, उनके सामाजिक सरोकारों एवं नगर विकास में दिए गए योगदान पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उन्हें एक दूरदर्शी, सरल, ईमानदार एवं जनप्रिय जननेता बताया।

इस अवसर पर महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय दिनेश चंद गर्ग गाजियाबाद के प्रथम महापौर थे और वे सभी वर्गों का समान सम्मान करने वाले, समाज को जोड़ने वाले तथा जनसेवा को समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय गर्ग का जीवन और कार्यशैली आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम का कुशल मंच संचालन पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक अनिल शर्मा द्वारा किया गया। विचार गोष्ठी में वक्ताओं के रूप में पूर्व डिप्टी मेयर राजेश्वर प्रसाद, पूर्व पार्षद अतर सिंह, जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा, वीरेंद्र सिंह, अनिरुद्ध वशिष्ठ, पुष्पलता सक्सेना ने भी अपने विचार व्यक्त किए और स्वर्गीय दिनेश चंद गर्ग के सामाजिक एवं राजनीतिक योगदान को स्मरण किया। इस अवसर पर संयोजक सोशल मीडिया प्रभारी प्रतीक माथुर महानगर उपाध्यक्ष चमन चौहान, विद्या बाल भवन पब्लिक स्कूल के हरिदत्त शर्मा, हरमीत बक्शी समाधान शक्ति सामाजिक संस्था अध्यक्ष प्रमोद कुमार, निशि त्यागी, नामित अग्निहोत्री, कार्तिक शर्मा, अनुराग मिश्रा, हरिओम शर्मा, कादंबरी सुमन, सती डी.एन. कौल, भूषण लाल, ऋषभ शर्मा, गुंजन श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह रावत, कांति त्यागी, अशोक पांडेय सहित समाधान शक्ति सामाजिक संस्था के पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## यातायात सुरक्षा माह में नोएडा पुलिस सख्त, 6,895 चालान, 23 वाहन सीज



**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्ध नगर कमिश्नरेट यातायात पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 6895 वाहनों का चालान तथा 23 वाहनों को आज सीज किया है। इस दौरान पुलिस आयुक्त के निर्देशन में सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दो-पहिया व ऑटो/टेंपो चालकों को बिना नंबर प्लेट वाहन ना चलाने, वाहन को निर्धारित पार्किंग स्थल पर खडा करने, विपरीत दिशा में वाहन न चलाने, बिना डीएल, निर्धारित लेन में वाहन चलाने के संबंध में मॉडल टाउन गोलचक्कर, पर्थला गोलचक्कर, गढ़ी गोलचक्कर पर जनसामान्य को यातायात पुलिस की रोड सेफ्टी सैल द्वारा सडक सुरक्षा जीवन रक्षा तथा यातायात नियमों व संकेतों के प्रति जागरूक किया।

एडीसीपी यातायात ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर यातायात पुलिस द्वारा जनवरी माह में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत नोएडा व ग्रेटर नोएडा के आसपास अनाधिकृत रूप से चलने वाले वाहनों व सार्वजनिक मार्गों पर नो पार्किंग में खड़े वाहनों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि यातायात सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत अभियान चलाकर रविवार को मैनुअल 3132 चालान एवं क्ळटर कैमरों द्वारा 3763 वाहनों के कुल 6895 ईझ्रचालान की कार्यवाही की गई एवं 23 वाहनों के विरुद्ध सीज की कार्यवाही की गई।

इसके साथ ही यातायात पुलिस द्वारा मॉडल टाउन गोलचक्कर पर रर फाउंडेशन, एमिटी यूनिवर्सिटी के छात्रों के सहयोग से जनसामान्य एवं ऑटो/टेंपो चालकों को साथ ही पर्थला गोलचक्कर, गढ़ी गोलचक्कर पर सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के विषय एवं यातायात नियमों/संकेतों के प्रति जागरूक किया गया।

उन्होंने बताया कि यातायात पुलिस की यह जागरूकता अभियान और नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी के कार्यालय पर लगा मतदाता पंजीकरण कैंप, युवाओं में दिखा भारी उत्साह





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत रविवार को बृज विहार मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी के कार्यालय पर नए वोट बनवाने हेतु कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के नागरिकों, विशेषकर युवाओं में नया मतदाता बनने को लेकर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इस मौके पर विक्रम चौधरी ने कहा कि एक-एक वोट राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पदाधिकारियों की रही उपस्थिति : कार्यक्रम में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और समर्पित कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लेकर अभियान को सफल बनाया।

मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी, मंडल प्रवासी वेद प्रकाश, पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी योगेश त्रिपाठी, यू.सी. सक्सेना, वीरेंद्र सिंह, मंडल मंत्री योगेश त्यागी, मुकुल चतुर्वेदी एवं उर्वशी चौहान, सुनील पवार, जगदीश्वर प्रसाद सिंह, धीरज सिलस्वाल, गौरव अग्रवाल, गीता सिंह एवं नीतू सिंह मौजूद रहे।

जनता की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था : मंडल उपाध्यक्ष विक्रम चौधरी ने बताया कि कैंप का मुख्य उद्देश्य उन युवाओं को जोड़ना है जो हाल ही में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं। कार्यालय पर आए लोगों की सहायता के लिए कार्यकर्ताओं की विशेष टीमें तैनात रहीं, जिन्होंने फॉर्म भरने से लेकर जरूरी दस्तावेजों की जांच तक में लोगों का मार्गदर्शन किया। इस मौके पर पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी ने बताया कि बृज विहार मंडल में रविवार को कई स्थानों पर कैंप के माध्यम से नई वोट बनवाने के फॉर्म भरेजा है, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया।

### मुलाकात



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व पार्षद तेजपाल राणा ने नई दिल्ली स्थित आवास पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्हें नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं और आगामी जनसेवा के कार्यों के लिए उनका आशीर्वाद एवं बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## घर के सामने कार खड़ी करने को बवाल

**मोदीनगर।** मोदीनगर के निवाड़ी रोड पर बिजलीघर के समीप स्थित अपने मकान के सामने खड़ी गाड़ियों को हटाने के लिए कहना युवक अभिषेक नेहरा और उसके साथी को महंगा पड़ गया। गाड़ी हटाने के लिए कहने से बौखलाई महिला और निवाड़ी थाने के दो दरोगाओं ने जमकर बवाल काटा। बोली कि जाट हूं कोई अनुसूचित जाति की नहीं हूं। भट्ठा मालकिन हूं ऐसी 50 थार खड़े खड़े खरीद दूंगी। दरोगाओं ने भी वर्दी का पूरा रौब जमाया और अभिषेक व उसके साथी को जमकर हड़काया। अभिषेक ने पुलिस कमिश्नर से मामले की शिकायत की है। घटना से जुडे.दो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। घटना 21 दिसंबर की है। मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव बुदाना निवासी अभिषेक नेहरा ने बताया कि निवाड़ी रोड बिजलीघर के समीप उनका मकान है। बीते 21 दिसंबर की रात वह मकान पर गाड़ी खड़ी करने गए थे। आरोप है कि मकान के बाहर दो गाडियां खड़ी हुई थी।

## नोएडा में लिव-इन विवाद बना खूनी विदेशी युवक की हत्या में युवती अरेस्ट

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-150 की एक सोसायटी में सनसनीखेज घटना सामने आई है। आरोप है कि लिव इन रिलेशन शिप में रहने वाली एक युवती ने चाकू मार कर लिव-इन पार्टनर की हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपित युवती को गिरफ्तार किया है।



जानकारी के अनुसार जिम्स अस्पताल से पुलिस को मीमो के माध्यम से सूचना मिली कि एक विदेशी नागरिक को मृत अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की।

पुलिस जांच में मृतक की पहचान मिस्टर डक ही युह निवासी साउथ कोरिया के रूप में हुई है। वह वर्तमान में एटीएस पायस हाइड वेज, सेक्टर-150, थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र में रह रहा था। अस्पताल में पूछताछ के दौरान यह जानकारी सामने आई कि मृतक को लुंजियाना पामाई निवासी थाना खोपुम जिला बिष्णुपुर मणिपुर नामक एक युवती द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि युवती ने ही चाकू से हमला कर युवक की हत्या की है। मृतक और आरोपित युवती काफी समय से लिव-इन रिलेशनशिप में साथ रह रहे थे। आपसी विवाद के बाद घटना को अंजाम देने की बात सामने आ रही है।

घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना नॉलेज पार्क पर तत्काल संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस ने आरोपित युवती को गिरफ्तार कर लिया है और उससे गहन पूछताछ की जा रही है। हत्या में प्रयुक्त चाकू की बरामदगी सहित अन्य साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई भी जारी है। मृतक विदेशी नागरिक होने के कारण मामले की सूचना संबंधित उच्चाधिकारियों को दे दी गई है। एडीसीपी सुधीर कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## नोएडा में अलग-अलग मामलों में 4 बदमाश दबोचे हथियार व चोरी का सामान बरामद

**नोएडा (करंट क्राइम)।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट पुलिस ने विभिन्न आपराधिक मामलों में 4 बदमाशों को गिरफ्तार किया है पुलिस ने 3 बदमाशों के पास से चोरी की मोटर साइकिल, शराब व असलहा बरामद किया है। वहीं गैंगस्टर एक्ट में वांछित एक बदमाश को देसी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है।




जानकारी के अनुसार थाना फेस-2 पुलिस ने आज मोटरसाइकिल चोरी करने वाला 1 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी के आरोप में अमित कुमार पुत्र रमाशंकर सिंह को ग्राम भंगेल के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 1मोटरसाइकिल, 2 फर्जी नंबर प्लेट व1 अवैध चाकू बरामद किया गया है।उन्होंने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध हरियाणा व नोएडा के थानों में दो मुकदमें दर्ज है।

थाना फेस-1 पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध 107 टैट्रापैक देशी शराब बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त मौ. नहमद अली पुत्र मौ. आलम को सेक्टर-8 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है।

थाना जारचा पुलिस अवैध शस्त्र के साथ एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि थाना पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक शातिर अभियुक्त कैलाश उर्फ बिट्टू पुत्र गुलाब सिंह को समाना नहर के पास कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया है।

अभियुक्त के कब्जे से 1 तमंचा मय जिंदा कारतूस . बरामद हुआ है । उन्होंने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ एनसीआर के विभिन्न जनपदों के थानों में 8 मुकदमे पूर्व में दर्ज है।

### इसके अलावा थाना दादरी पुलिस गैंगस्टर एक्ट वाँछित

अभियुक्त सन्जू पुत्र राजाराम को वीआईईटी माही होटल के पास से गिरफ्तार किया गया है। थाना पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से 1 तमंचा मय 1 जिंदा कारतूस बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस बदमाश के खिलाफ थाना दादरी में 4 मुकदमे दर्ज है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सावित्रीबाई फुले जयंती पर एक दिवसीय शिविर आयोजित

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मुल्तानीमल मोदी महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया।



यह शिविर भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती से प्रेरित रहा।

जिसमें उनके द्वारा महिला शिक्षा के क्षेत्र में किए गए संघर्षों तथा महिलाओं के सशक्तीकरण में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया गया। शिविर के अंतर्गत नव प्रवेशित स्वयंसेवकों को माई भारत पार्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया भी संपन्न कराई गई, जिससे उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों से विधिवत जोड़ा जा सके। शिविर की शुरुआत महाविद्यालय प्रांगण से हुई, जिसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा एक जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली सड़क मार्ग से होते हुए कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल में ठहराव के साथ संपन्न हुई, जहाँ सामाजिक चेतना और सेवा भाव का संदेश दिया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

शिविर के सफल आयोजन में वरिष्ठ स्वयंसेवक अंकित, तुषार, दीपा, नंदिनी, आयशा, समद सहित अन्य वरिष्ठ स्वयंसेवकों का विशेष सहयोग रहा।

## राधा रानी संकीर्तन कार्यक्रम में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** नित्य निकुंज विलासी श्री श्याम श्याम संस्था द्वारा शनिवार को आयोजित हुए श्री राधा रानी संकीर्तन कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भजन गायकों की प्रस्तुति पर जमकर आनन्द उठाया।



देवेन्द्रपुरी कॉलोनी स्थित टंकी वाले पार्क में नित्य निकुंज विलासी श्री श्याम श्याम संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सांसद डॉ. राजकुमार सांगवान, विधायक डॉ. मंजू शिवाच, पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल व पालिकाध्यक्ष विनोद जाटव वैशाली ने संयुक्त रूप से श्री राधा रानी की प्रतिमा के समक्ष पूजा उपरान्त दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से सनातन की पवित्रता व मन, मस्तिक पवित्र रहता है। हमें ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। आह्वान किया कि धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजनों से ईश्वर का ध्यान लगाने व उनके मनन का रास्ता मिलता है, और भगवान के प्रति पवित्रता के साथ ही जागृति उत्पन होती है।

श्री धाम वृंदावन से वेद रसिक, संस्कृति राजपूत, प्रेम बिहारी दास, सचिन त्यागी के म्यूजिक ग्रुप के साथ ही रचित मस्तान एण्ड पार्टी के गायकों ने धार्मिक भजनों पर श्री राधा रानी का ऐसा गुणगान किया कि सैकड़ों की संख्या में भक्तजनों ने झूमकर भजनों पर आनन्द उठाया।

कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक पं. सुदेश शर्मा, भाजपा नेता डॉ. पवन सिंघल, महेश तायल, जितेन्द्र चैधरी, मधूर नेहरा व सोनू चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा विशेष सहयोगी के रूप में सचिन उर्फ सोनू, दुर्गेश गर्ग, अमित गर्ग, बिट्टू कनौडिया, पवन दूबे, पीयूष कन्फैक्शनरी से वैभव जिन्दल, लक्षित गोयल, सैन्सरपाल आदि मौजूद रहे।

## श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन वामन अवतार और राजा बलि की कथा संपन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संजय नगर के सूरजमल एन्क्लेव में श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिन पंडित गिरिराज किशोर के द्वारा भक्तों को वामन अवतार और राजा बलि की कथा के साथ राजा हरिश्चन्द्र और तारा रानी की कथा सुनाई गई। कथा के दौरान भगवान विष्णु जी के वामन अवतार के रूप की कथा में राजा बलि से तीन पग भूमि मांगकर तीनों लोकों को नाप लेने और राजा हरिश्चन्द्र के द्वारा मरघट की चौकीदारी के प्रसंग का वर्णन किया गया।

सोमवार को श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव और उनकी बाल लीलाओं के प्रसंगों का वर्णन कथा में सुनाया जायेगा। इस अवसर पर सतीश वर्मा, अनित त्यागी, मनोज पंडित, विमलेश वर्मा, ममता वर्मा, पूजा पंडित, पूनम त्यागी, ज्योति सुदेश चौधरी, मनीषा पंडित, रश्मि वर्मा, पूजा गुप्ता, गीता चौधरी, रेखा चौधरी आदि उपस्थित रहे।



## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम


DrAnil Agrawal
30m ·

आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री पंकज चौधरी जी से दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा की...!!

भेंट के दौरान मेरे साथ लोनी विधानसभा से माननीय विधायक श्री Nand Kishor जी, माननीय विधायक श्री धर्मेश तोमर जी, वरिष्ठ नेता श्री बृजपाल तेवतिया जी, जिला पंचायत सदस्य श्री पवन सहलोत जी, महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल भाजपा नेता जी एवं खाद्य निगम सदस्य Rahul Goel जी मौजूद रहे..!!

Pankaj Chaudhary




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ अनिल अग्रवाल ने दिल्ली में उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात की। इस मुलाकात की खास बात यह है कि पूर्व राज्यसभा सांसद डॉक्टर अनिल अग्रवाल के साथ मुलाकात करने वालों में लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर , धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, वरिष्ठ भाजपा नेता बृजपाल तेवतिया और भाजपा महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल भी मौजूद थे। मुलाकात का यह एक संदेश है और अपने आप में एक संदेश लिए यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# बांग्लादेश में हिंदू व्यापारी की मौत के मामले में तीन गिरफ्तार, मरने से पहले लिया आरोपी का नाम





**बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद के प्रवक्ता काजोल देबनाथ ने दास की मौत के बाद कहा कि दिसंबर से हिंदू समुदाय के किसी व्यक्ति की यह पांचवीं मौत थी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में कट्टरपंथी समूह अल्पसंख्यक धर्मों को डराने-धमकाने की कोशिश कर रहे हैं।**

**ढाका।** बांग्लादेश में भड़की हिंसा की आग में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। इस बीच बांग्लादेश के शरियतपुर जिले में एक हिंदू व्यापारी की बेरहमी से हत्या करने और उसे जलाकर मार डालने के मामले में रविवार को तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

ढाका से लगभग 100 किलोमीटर दक्षिण में स्थित शरियतपुर जिले के केउरभंगा बाजार के पास बुधवार रात को 50 वर्षीय खोकन चंद्र दास पर हमला किया गया। शनिवार को उनकी मृत्यु हो गई। प्रोथोम आलो अखबार ने बताया कि रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) की एक टीम ने रविवार सुबह ढाका से लगभग 100 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में स्थित किशोरगंज से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**तीन लोगों को किया गया गिरफ्तार**

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान 27 वर्षीय दामुदयार सोहाग खान, 21 वर्षीय रब्बी मोल्या और 25 वर्षीय पलाश सरदार के रूप में हुई। आरएबी मदारीपुर कैंप कंपनी कमांडर पुलिस अधीक्षक मीर मोनिर हुसैन ने प्रोथोम अलो को बताया कि आरोपियों को किशोरगंज से मदारीपुर कैंप लाया जा रहा था।

मदारीपुर शरीयतपुर से लगभग 20 किलोमीटर दूर है। दवा की दुकान और मोबाइल बैंकिंग का कारोबार चलाने वाले दास एक ऑटो रिक्शा में यात्रा कर रहे थे, तभी हमलावरों ने वाहन को रोक लिया।

इस दौरान कथित तौर पर उनकी पिटाई की, धारदार हथियारों से उन पर वार किए और फिर उनके सिर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। मीडिया रिपोर्टों में गुरुवार को इस घटना का जिक्र किया गया था।


**हमलावरों से बचने के लिए तालाब में कूदे थे खोकन दास**

खुद को बचाने की कोशिश में दास सड़क किनारे बने तालाब में कूद गए। तभी स्थानीय लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। पुलिस ने बताया कि हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने आगे बताया कि स्थानीय लोगों ने उसे बचाया और शरियतपुर सदर अस्पताल ले गए। जहां चोटों की गंभीरता को देखते हुए उसे ढाका रेफर कर दिया गया।

ढाका के डॉक्टरों ने बताया कि दास के शरीर पर कई चोटें आई थीं, जिनमें पेट में गंभीर घाव के साथ-साथ चेहरे, सिर और हाथों पर जलने के निशान भी शामिल थे। बीडीन्यूज24 के मुताबिक शरियतपुर के पुलिस अधीक्षक रौनक जहां ने बताया कि पीड़ित ने अपनी मृत्यु से पहले आरोपी का नाम लिया था।

# मादुरो की तरह पुतिन का भी हो हाल

## जेलेंस्की ने इशारों में कहा- अमेरिका जानता है



**वॉशिंगटन/कीव।** मादुरो की गिरफ्तारी के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने पुतिन पर बिना नाम लिए निशाना साधा। जबकि रूस ने मादुरो की रिहाई की मांग की, वहीं ट्रंप ने न्यूयॉर्क में मुकदमे की पुष्टि की।

वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका की ओर से नाटकीय ढंग से पकड़े जाने के बाद यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की का बड़ा बयान सामने आया है। जेलेंस्की ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की ओर इशारा करते हुए कहा कि वाशिंगटन अब तानाशाहों से निपटने के लिए आगे क्या करना है यह जानता है।

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब जेलेंस्की से मादुरो की गिरफ्तारी पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कहा मैं क्या कह सकता हूं? अगर तानाशाहों के साथ ऐसा किया जा सकता है, तो अमेरिका जानता है कि अगला कदम क्या होना चाहिए। उनका यह बयान साफ तौर पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन की ओर संकेत माना जा रहा है। इस बीच रूस ने अमेरिका से मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को रिहा करने की अपील की है। रूसी विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि मादुरो वेनेजुएला के वैध रूप से चुने गए राष्ट्रपति हैं और अमेरिका को उन्हें तुरंत रिहा करना चाहिए। रूस ने यह भी जोर दिया कि अमेरिका और वेनेजुएला के बीच विवादों का समाधान बातचीत के जरिए होना चाहिए।

**न्यूयॉर्क में चलेगा मादुरो पर मुकदमा:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार, मादुरो और उनकी पत्नी को कारा कास से एक संयुक्त अभियान में पकड़ा गया और अमेरिका लाया गया। उन पर न्यूयॉर्क के साउदर्न डिस्ट्रिक्ट में ड्रग तस्करी और नार्को-आतंकवाद से जुड़े आरोप लगाए गए हैं। ट्रंप ने कहा कि दोनों को अमेरिकी अदालत में पेश किया जाएगा।

# 'विश्व शांति को गंभीर खतरा...', उत्तर कोरिया के बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण पर जापान ने जताई चिंता



**सिओल।** उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के चीन रवाना होने से कुछ घंटे पहले अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कई मिसाइलें दागीं। इस पर चिंता जताते हुए जापान ने कहा कि यह विश्व शांति के लिए गंभीर खतरा है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका इन मिसाइलों के प्रक्षेपण की जानकारी का विश्लेषण कर रहे हैं।

उत्तर कोरिया ने रविवार को दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति के चीन रवाना होने से कुछ घंटे पहले ही अपने पूर्वी जलक्षेत्र की ओर कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ ने एक बयान में कहा कि राजधानी क्षेत्र से करीब 7:50 बजे कई मिसाइलें दागी गईं। इन मिसाइलों ने करीब 900 किलोमीटर की दूरी तय की। दक्षिण कोरिया और अमेरिका पूरी जानकारी का विश्लेषण कर रहे हैं।

दक्षिण कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये मिसाइल प्रक्षेपण (लॉन्च) संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के उन प्रस्तावों का उल्लंघन करते हैं, जो उत्तर कोरिया की किसी भी बैलिस्टिक गतिविधि पर रोक लगाते हैं। मंत्रालय ने उत्तर कोरिया से तत्काल उकसाने वाली कार्रवाई बंद करने और कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति बहाल करने के लिए वार्ता शुरू करने का आग्रह किया।

जापान के रक्षा मंत्री कोइजुमी ने जताई चिंता

वहीं, जापान के रक्षा मंत्री शिंजीरो कोइजुमी ने कहा कि उत्तर कोरिया की ओर से कम से कम दो मिसाइल प्रक्षेपण की पुष्टि हुई है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, यह गंभीर समस्या है, जो हमारे देश, क्षेत्र और विश्व की शांति व सुरक्षा के लिए खतरा हैं।

**सम्मेलन से पहले हथियारों का प्रदर्शन**

यह उत्तर कोरिया का हाल के हफ्तों में हथियारों का ताजा प्रदर्शन है। विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया सत्तारूढ़ दल के आगामी सम्मेलन से पहले रक्षा क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों का प्रदर्शन या समीक्षा करना चाहता है। यह सम्मेलन पांच साल में पहली बार होने जा रही है। पर्यवेक्षक वर्कर्स पार्टी के सम्मेलन पर नजर रख रहे हैं कि क्या उत्तर कोरिया अमेरिका पर एक नई नीति तय करेगा और दोनों देशों के बीच लंबे समय से थमी हुई वार्ता फिर से शुरू करेगा।

किम जोंग उन ने 2019 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ शिखर वार्ता के विफल होने के बाद अपने परमाणु हथियार भंडार को बढ़ाने पर फोकस किया है। उन्होंने रूस के साथ सहयोग बढ़ाया और चीन के साथ संबंध मजबूत किए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि किम यह सोचते हैं कि उनकी लाभकारी स्थिति बढ़ गई है, जिससे अगर ट्रंप से फिर वार्ता हुई तो वह अधिक लाभ ले सकते हैं। उत्तर कोरिया ने कांग्रेस (सत्तारूढ़ पार्टी का पांच वर्ष में होने वाला सम्मेलन) की तारीख घोषित नहीं की है।

# सीरिया में ब्रिटेन और फ्रांस की संयुक्त कार्रवाई आतंकी संगठन आईएस के ठिकानों पर बरसाए बम



**लंदन।** ब्रिटेन और फ्रांस की सेनाओं ने शनिवार को सीरिया में हवाई हमले किए और आतंकी संगठन आईएस के ठिकाने को निशाना बनाया। गौरतलब है कि सीरिया में आईएस के खिलाफ अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन ने कार्रवाई तेज कर दी है।

ब्रिटेन और फ्रांस के लड़ाकू विमानों ने सीरिया में आतंकी संगठन आईएस के ठिकानों पर हवाई हमले किए। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

ब्रिटिश रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सीरिया में आईएस के हथियारों के ठिकानों को निशाना बनाया गया, जिन्हें एक सुरंग में छिपाकर रखा गया था। ब्रिटेन की सरकार ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि सीरिया में हवाई हमले शनिवार को किए गए। यह हमले सीरिया के होम्स प्रांत के ऐतिहासिक पल्मायरा के पहाड़ी इलाके में किए गए।

**आईएस के ठिकाने तक जाने वाली सुरंगों को बनाया गया निशाना**

ब्रिटेन और फ्रांस अमेरिका के नेतृत्व वाले गठबंधन का हिस्सा हैं, जो एक दशक से भी ज्यादा समय से खूंखार आतंकी संगठन आईएस से लड़ रहा है।

ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय ने बताया ब्रिटिश सेना ने हवाई हमले में टाइफून FGR4 लड़ाकू जेट का इस्तेमाल किया, जिसे वॉयजर रीफ्यूलिंग टैंकर का समर्थन मिला और इस संयुक्त हमले में फ्रांसीसी विमान भी शामिल हुए। बयान में कहा गया कि ब्रिटिश वायु सेना ने आईएस के ठिकाने तक जाने वाली कई सुरंगों को निशाना बनाया और इसके लिए पेववे क्ष गाइडेड बमों का इस्तेमाल किया।

बयान में कहा गया है कि ऑपरेशन के बाद स्थिति का आकलन किया जा रहा है, लेकिन शुरूआती संकेत ये है कि लक्ष्य को सफलतापूर्वक निशाना बनाया गया।

**सीरिया और इराक में आईएस के आतंकी सक्रिय:** हमलों पर सीरियाई सरकार की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है। सीरिया पिछले साल के अंत में आईएस विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ था। साल 2019 में सीरिया में हार के बावजूद, आईएस की अभी भी सीरिया में मौजूदगी है और इसके स्लीपर सेल अभी भी सीरिया और इराक में घातक हमले करते हैं।

# वेनेजुएला सरकार में CIA एजेंट, महीनों ड्रोन से निगरानी

## मादुरो को पकड़ने के लिए ट्रंप ने ऐसे बनाई रणनीति



**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी सुरक्षा बलों ने शनिवार को एक अभियान के तहत वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लिया। लेकिन इसके लिए बहुत लंबे समय से योजना बनाई जा रही थी। सैनिकों ने मादुरो के भारी सुरक्षा वाले सेफ हाउस का डुप्लीकेट घर बनाकर घुसने का अभ्यास किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अंत तक इस अभियान की निगरानी की। आइए विस्तार से जानते हैं-

डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी प्रशासन की ओर से शनिवार को बड़े पैमाने पर हमलों के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ लिया गया। इसमें कथित रूप से एक सीआईए सूत्र, स्टेल्थ ड्रोन बेड़ा और महीनों से बनाई जा रही योजना शामिल थी।

वेनेजुएला में धमाकों में अमेरिका की भूमिका को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर शनिवार शाम 4.21 बजे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विराम लगाया और अपने ट्रुथ सोशल खाते पर एक पोस्ट में लिखा कि अमेरिका ने एक सैन्य अभियान को सफलतापूर्व अंजाम दिया है और वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो व उनकी पत्नी को पकड़ लिया है और उन्हें देश से बाहर ले जाया गया है।

ट्रंप के इस एलान ने कई लोगों को चौंका दिया और इस कार्रवाई की वैधता को लेकर सवाल खड़े होने लगे। हालांकि, मामले से परिचित लोगों ने कहा कि यह अभियान वर्षों में अमेरिका के सबसे जटिल मिशनों में से एक बनने वाला था। इसकी लंबे समय से तैयारी चल रही थी और इसके लिए व्यापक स्तर पर अभ्यास किए गए थे।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में इस अभियान की जानकारी रखने वाले लोगों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिका के विशेष अभियान बलों की ओर से कार्रवाई से पहले मादुरो की निगरानी की गई। अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के एक एजेंट ने मादुरो की गिरफ्तारी से पहले उनकी गतिविधियों पर नजर रखी। यह जानकारी अन्य मीडिया संस्थानों में भी प्रकाशित की गई है।

अगस्त से मादुरो की गतिविधियों पर नजर

रॉयटर्स ने एक सूत्र के हवाले से कहा, सीआईए ने अगस्त से वेनेजुएला में एक छोटी टीम तैनात की थी, जिसने मादुरो की रोजमर्रा की गतिविधियों और उनकी जीवनशैली का अध्ययन किया। रॉयटर्स से बात करने वाले दो अन्य सूत्रों ने बताया कि एजेंसी ने मादुरो के करीबी एक व्यक्ति पर भी भरोसा किया, जो उनकी गतिविधियों पर नजर रखता था और जरूरत पड़ने पर उनकी सटीक लोकेशन बताने के लिए तैयार था। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, स्टेल्थ ड्रोन के बेड़े के जरिये भी वेनेजुएला में मादुरो की लगातार निगरानी की जा रही थी।

**ऑपरेशन में देरी क्यों हुई**

अमेरिकी सेना के अत्यधिक प्रशिक्षित बलों ने मादुरो के सेफ हाउस का एक डुप्लीकेट तैयार की और भारी सुरक्षा वाले परिसर में घुसने का कई बार अभ्यास किया। इस अभियान में आर्मी की डेल्टा फोर्स भी शामिल थी। सभी तैयारियां पूरी होने के बाद ट्रंप ने चार दिन पहले इस मिशन को मंजूरी दी। लेकिन सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने मौसम में सुधार और बादल कम छाने तक इंतजार करने की सलाह दी। शनिवार तड़के मादुरो को पकड़ने का अभियान शुरू हुआ। फ्लोरिडा के पाम बीच स्थित मार-ए-लागो से ट्रंप ने अपने सलाहकारों के साथ इस अभियान का सीधा प्रसारण देखा। रॉयटर्स के मुताबिक, कई घंटों तक चले इस अभियान की जानकारी इस मामले से परिचित चार लोगों के इंटरव्यू और ट्रंप की ओर से सार्वजनिक रूप से साझा किए गए विवरण पर आधारित है।

# म्यांमार में हजारों कैदी हुए रिहा, आजादी की 78वीं वर्षगांठ पर सैन्य सरकार का एलान



**बैंकाक।** म्यांमार के सैन्य शासन ने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हजारों बंदियों को रिहा किया है, जिसमें विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। हालांकि, पूर्व नेता आंग सान सू की और अन्य राजनीतिक विरोधियों की रिहाई पर संशय बना हुआ है। आलोचक इसे आगामी चुनावों से पहले सरकार की छवि सुधारने की कोशिश मान रहे हैं।

म्यांमार की सैन्य शासन ने रविवार को ब्रिटेन से देश की आजादी की 78वीं सालगिरह के मौके पर 6,100 से ज्यादा कैदियों को माफ कर दिया है। इसके साथ ही अन्य कैदियों की सजा में भी कटौती की गई है। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि रिहा किए गए लोगों में सैन्य शासन का विरोध करने के लिए जेल में बंद हजारों राजनीतिक कैदी शामिल हैं या नहीं।

6,134 कैदी हुए रिहा

यह माफी ऐसे समय में दी गई है जब सैन्य सरकार एक महीने लंबी चुनाव प्रक्रिया चला रही है। आलोचकों का मानना है कि यह कवायद मौजूदा स्थिति को वैधता देने का महज एक दिखावा है। सरकारी टेलीविजन 'एमआरटीवी' के अनुसार, सैन्य सरकार के प्रमुख वरिष्ठ जनरल मिन ऑन्ग लैइंग ने कुल 6,134 कैदियों को माफी दी है।

**52 विदेशी नागरिक भी होंगे रिहा:** एक अन्य बयान में बताया गया कि 52 विदेशी नागरिकों को भी रिहा करके स्वदेश भेजा जाएगा। रिहा किए गए लोगों की कोई विस्तृत सूची उपलब्ध नहीं है। बताया जा रहा गंभीर अपराधों जैसे हत्या और दुष्कर्म के दोषियों या सुरक्षा कानूनों के तहत सजा काट रहे लोगों को छोड़कर अन्य कैदियों की सजा कम कर दी गई है। रिहाई की शर्तों में चेतावनी दी गई है कि अगर मुक्त किए गए कैदी दोबारा कानून तोड़ते हैं, तो उन्हें नई सजा के साथ-साथ अपनी पुरानी सजा की बची हुई अवधि भी काटनी होगी।

**कैदियों की रिहाई आम बात**

बता दें कि म्यांमार में छुट्टियों और अन्य महत्वपूर्ण मौकों पर कैदियों की रिहाई आम बात है। इस खबर के सामने आने के बाद यांगून की इनसेन जेल के बाहर कैदियों के परिजन सुबह से ही जमा हो गए थे। हालांकि, इस बात का कोई संकेत नहीं मिला कि रिहा होने वालों में पूर्व नेता आंग सान सू की शामिल हैं। उन्हें 2021 के तख्तापलट के बाद से ही अलग-थलग रखा गया है।

# उत्तरी नाइजारियों में गांव पर बंदूकधारियों ने किया हमला; 30 से ज्यादा की मौत, कई लोग अगवा



**मिन्ना (नाइजीरिया)।** उत्तरी नाइजीरिया के एक गांव पर बंदूकधारियों ने हमला कर 30 से अधिक लोगों की हत्या कर दी और कई को अगवा कर लिया। हमलावरों ने स्थानीय बाजार और कई घरों को भी आग के हवाले कर दिया।

उत्तरी नाइजीरिया में बंदूकधारियों ने एक गांव पर हमला किया, जिसमें 30 लोग मारे गए और कई लोग अगवा किए गए। यह इस इलाके में लगातार हो रही हिंसा की कड़ी में ताजा मामला है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, बंदूकधारियों ने नाइजर राज्य के कसुअवान-दाजी गांव में शनिवार शाम को घुसकर ग्रामीणों पर गोलियां चलाईं। यह गांव बोर्गु स्थानीय प्रशासन क्षेत्र के अंतर्गत आता है। उन्होंने स्थानीय बाजार और कई घर भी जला दिए। दो ग्रामीणों ने मृतकों की संख्या 37 बताई और कहा कि यह संख्या और अधिक हो सकती है, क्योंकि कई लोग रविवार तक लापता थे। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि सुरक्षा कर्मी अब तक क्षेत्र में नहीं पहुंचे हैं। यह पुलिस के उस दावे के विपरीत है कि उन्होंने अगवा किए गए लोगों की तलाश के लिए अधिकारी तैनात कर दिए हैं।

# 'तैरता हुआ किला', जिसके जरिए अमेरिका लाए गए निकोलस मादुरो



**काराकास।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने के लिए अमेरिका की तरफ से ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व चलाया गया था। अमेरिका के इस ऑपरेशन में 150 विमान शामिल हुए थे। इस कार्रवाई के दौरान वेनेजुएला के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी आत्मसमर्पण कर दिया। इस ऑपरेशन में युद्धपोत यूएसएस ईवो जिमा की भी बड़ी भूमिका रही।

अमेरिका ने शनिवार तड़के वेनेजुएला पर अब तक का सबसे बड़ा सैन्य हमला करते हुए राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके पद से बेदखल कर दिया है। अमेरिका सेना राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को बंधक बनाकर न्यूयॉर्क लाए हैं। अब वे अमेरिकी हिरासत में हैं। उन पर नार्को-टेररिज्म, ड्रग तस्करी और अवैध हथियार रखने के आरोप हैं।

राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोर्स को शनिवार तड़के काराकास के फोर्ट ट्यूना मिलिट्री कॉम्प्लेक्स में की गई अमेरिकी सैन्य कार्रवाई में बंधक बनाया था। मादुरो को पहले एक अमेरिकी मिलिट्री बेस पर ले जाया गया और फिर उन्हें यूएसएस इवो जिमा युद्धक पोत पर ले जाया गया। इसके बाद मादुरो को न्यूयॉर्क ले जाया गया। मादुरो को ब्रुकलिन में मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर रखा गया है।

## यूएसएस इवो जिमा

इस पूरे ऑपरेशन में एक युद्धक पोत यूएसएस इवो जिमा की भी अहम भूमिका रही है। इवो जिमा एक बड़ा अमेरिकी नौसेना का जहाज है जो एक मिनी एयरक्राफ्ट कैरियर की तरह काम करता है। यह 840 फीट लंबा है और इसका फ्लाइट डेक 140 फीट चौड़ा है। यह जहाज मरीन, हेलीकॉप्टर, जेट और नावों को साथ लेकर चलता है, जिससे यह सैनिकों और वाहनों को सीधे किनारे पर उतार सकता है।

## यूएसएस इवो जिमा की खासियतें

यह जहाज समुद्र और जमीन दोनों पर हमलों के लिए डिजाइन किया गया है। पोत पर तैनात सैनिकों को समुद्र से जमीन पर तेजी से ले जाया जा सकता है। इस पर स्थायी रूप से मरीन सैनिक तैनात रहते हैं और यह वर्टिकल एनवेलपमेंट रणनीति का समर्थन करता है, जिसके तहत हेलीकॉप्टर और विमान से सैनिकों को दुश्मन के इलाके में उतारा जाता है। यूएसएस इवो जिमा खुद को और अपने क्रू को बचाने के लिए भारी हथियारों से लैस है। इसमें मिसाइल लॉन्चर, रडार-गाइडेड बंदूकें, मशीन गन और दूसरे हथियार हैं। यह समुद्र में तैरता हुआ किला है।

यूएसएस इवो जिमा पर कुल 1208 नौसैनिक और लगभग 1894 मरीन सैनिक तैनात रहते हैं। यह जहाज एक साथ बड़ी संख्या में सैनिकों और सैन्य साजो-सामान को ले जाने में सक्षम है। इस पर 20 से 30 हेलीकॉप्टर तैनात किए जा सकते हैं, जिनमें सीएच-53 और एमवी-22 जैसे भारी और बहुउद्देश्यीय हेलीकॉप्टर शामिल होते हैं।

इसके अलावा, इस पर 6 एवी-8इ या अत्याधुनिक एफ-35इ फाइटर जेट भी तैनात किए जा सकते हैं। समुद्र से सीधे सैन्य वाहनों और उपकरणों को उतारने-चढ़ाने के लिए इसमें लैंडिंग क्राफ्ट एयर कुशन की सुविधा भी मौजूद है।

## तैरता अस्पताल

इस जहाज के खास फीचर्स इसे बेहद प्रभावशाली बनाते हैं। इसका विशाल फ्लाइट डेक लगातार हेलीकॉप्टर और लड़ाकू विमानों के संचालन को संभव बनाता है, जबकि वेल डॉक के जरिये समुद्र के रास्ते जहाजों और सैन्य साधनों को लोड किया जा सकता है। आपात हालात और युद्ध के दौरान घायलों के इलाज के लिए इसमें आधुनिक मेडिकल सुविधाएं भी हैं, जो किसी चलते-फिरते अस्पताल की तरह काम करती हैं।

## इसे कब बनाया गया था?

इवो जिमा सीरीज का यह जहाज 2001 में कमीशन किया गया था और अभी भी एक्टिव सर्विस में है। यह तीसरा जहाज है जिसका यह नाम है। इसके पिछले वर्जन वियतनाम और दूसरे अमेरिकी मिलिट्री ऑपरेशन्स में सर्विस दे चुके हैं।

इस जहाज का नाम इवो जिमा पर हुए द्वितीय विश्व युद्ध के प्रसिद्ध युद्ध से लिया गया है, जो अमेरिकी सैन्य इतिहास में बहुत अहम माना जाता है। इसमें मरीन कमांडो, हथियार, वाहन और मेडिकल सुविधा मौजूद रहती है, इस पर हेलिकॉप्टर और एफ-35बी जैसे लड़ाकू विमान उतर और उड़ान भर सकते हैं।

**'बी-1 बॉम्बर समेत ये विमान ऑपरेशन में शामिल':** जनरल केन के मुताबिक, इस ऑपरेशन में एफ-22, एफ-35, एफ-18, ईए-18, ई-2, बी-1 बॉम्बर, सहायक विमान और कई ड्रोन शामिल थे। ये सभी विमान पश्चिमी गोलार्ध में अलग-अलग जगहों से उड़ान भरकर आपस में तालमेल के साथ आगे बढ़े।

## कैसे चलाया गया ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व?

उन्होंने बताया कि अमेरिकी बल रात 1:01 बजे (ईस्टर्न टाइम) मादुरो के ठिकाने पर पहुंचे और पूरे इलाके को घेर लिया गया ताकि जमीनी बलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इस दौरान हेलिकॉप्टरों पर गोलीबारी भी हुई, लेकिन अमेरिकी बलों ने पूरी ताकत से जवाब दिया। एक विमान को नुकसान पहुंचा, हालांकि सभी अमेरिकी विमान सुरक्षित लौट आए।




# महापौर ने विजय नगर में 6 करोड़ 30 लाख के विकास कार्यों के शिलान्यास किए

## ट्रिपल इंजन की सरकार है इसलिए शहर में चारों ओर हो रहा है विकास : महापौर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विजय नगर जोन क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में महापौर सुनीता दयाल ने 6 करोड़ 30 लाख के विकास कार्यों के शिलान्यास किए जिसमे पार्षद नीतू नागर, पार्षद मुन्नी देवी,थान सिंह,सुमित कुमार,सहायक अभियंता श्याम सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।(1) वार्ड 15 प्रताप विहार डी पी एस चौक से संतोष मेडिकल गेंट न 2 व जल निगम के बड़े नाले तक आर सी सी नाले का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 3 करोड़ 82 लाख है।(2) वार्ड 7 बिहारीपुरा सुदामापुरी में क्रिस किराना स्टोर के सामने शनि चौक से लाल क्वाटर तक मुख्य आर सी सी नाला निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 79 लाख है।(3) वार्ड 55 प्रताप विहार सेक्टर 11 सी ब्लॉक की आंतरिक नालियों का निर्माण कार्य जिसकी लागत 14 लाख है।(4) वार्ड 1 क्रिश्चन नगर बागु भीम नगर में गली न 6 का निर्माण कार्य जिसकी लागत लगभग 6 लाख है।

महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि यह जो लगातार नारियल फोड़े जा रहे हैं यह सब ट्रिपल इंजन की सरकार की देन है और हमारे विकास कराने से आने वाले चुनाव में हमारे विधायको को ओर हमारे मुख्यमंत्री जी को भरपूर वोट डालकर भारी मतों से जीत दिलाने में लाभदायक सिद्ध होंगे।

भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत से आएगी तो प्रदेश के विभिन्न शहरों के लिए नई योजनाओं पर कार्य करेगी जिसका लाभ शहर की जनता को मिलेगा और नगर निगम लगातार आपके लिए कार्य कर रहा है जिसके परिणाम शहर में विकास के रूप में आपको देखने को मिल रहे हैं।

# मतदाता जोड़ने की मुहिम में भाजपा की सख़्त निगरानी, एसआईआर द्वितीय चरण में 7500 फॉर्म घर-घर पहुंचे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मतदाता सूची को दुरुस्त करने और अधिक से अधिक पात्र नागरिकों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने एसआईआर अभियान के द्वितीय चरण में पूरी ताकत झोंक दी है। नेहरू नगर स्थित भाजपा महानगर कार्यालय से महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में गठित मॉनिटरिंग टोली ने अभियान की रफ्तार और पारदर्शिता दोनों पर कड़ी निगरानी रखी।

अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर 6200 फॉर्म-6 और 1300 फॉर्म-7, कुल 7500 फॉर्म आम नागरिकों को वितरित किए। इन फॉर्मों के माध्यम से नए मतदाता जोड़ने के साथ-साथ मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन का कार्य किया जा रहा है।

प्रदीप चौधरी ने बताया कि पार्टी का उद्देश्य केवल फॉर्म बांटना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। वहीं महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट निर्देश दिए कि भरे हुए सभी फॉर्म संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के पास ही जमा कराए जाएं, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह नियमसम्मत और विश्वसनीय बनी रहे।

इस अभियान में सुभाष शर्मा, अमित रंजन, बलराम रावल, संदीप चौधरी और प्रदीप चौधरी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभालते हुए जमीनी स्तर पर जिम्मेदारी निभाई।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात हमें समझ नहीं आई हुजूर? कमांडर के दोस्त पहलवान क्यों रहे लैंसडाउन वाले टूर से दूर? आखिर उनके घर में भी है वार्ड वाली सीट? वो तो कार्यक्रम खूब सारे करते हैं? चाहते हैं कि सभी उनके कार्यक्रम में आयें? फिर लैंसडाउन वाले टूर से उन्होंने दूरी का क्यों दिखाया दस्तूर? कहने वाले ने कहा टाईम ही क्यों ऐसा चली रहा है जहां हों उनके दोस्त? वहां से वो खुद को कर लेते हैं दूर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अगर आप कर ही रहे हो यहां पर पहलवान की बात? तो एक सवाल और दाग दो आप? आप अगर उनके किरदार को करोगे नोट? तो आप देखोगे उन्होंने उस चेहरे को मजबूती से पकड़ कर रखा हुआ है जिस चेहरे ने किया था इनके दोस्त को सपोर्ट? जहां भी आता है उनका नाम? पहलवान कर देते हैं वहां पर प्रोग्राम? वो समझ गये हैं कि दोस्त का उद्धार करने वाले नेता का काफी ऊंचा है टॉवर? इस बार पार हो जायेगी उनकी भी नैय्या? क्योंकि दोस्त के टाईम से भी और ज्यादा बड़ी है इन नेता जी की पॉवर?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से लगा है लैंसडाउन वाला टूर? सुना है मंत्री जी के खास पूरे हैवीवेट से उन पर दबाव बना रहे हैं भरपूर? मंडल से लेकर मैम्बर वाले दे रहे हैं ये पैगाम? कह रहे हैं जब हम आपके बिना कहीं नहीं जाते? तो कम से कम आपको भी तो रखना चाहिए इस बात का भी ध्यान? हमारे भी होते हैं घूमने के अरमान? इसलिए जल्द से जल्द आपको भी बनाना होगा हमारे लिए सैर-सपाटे का प्रोग्राम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** घूम फिर कर आ ही जाती है हमारे पास बृज वाले एरिया की बात? वहां के भगवा कमिश्नर फोकस में नहीं रहते हैं? मगर फोकस में आ जाते हैं साहब? हमने देखा क्षेत्र में हुए वोटर बनाने के चार प्रोग्राम? मगर इन चारों ही प्राग्रामों में उनके दर्शन नहीं हुए श्रीमान? हो सकता है वो इसलिए नजर नहीं आये हों, उनका पड़ गया हो जरूरी काम? कहने वाले ने कहा बस हो रही थी उनके नहीं नजर आने की चर्चा? इसलए हमको ये बताना पड़ा मेहबान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा का जन्मदिन रहा बड़ा जोरदार? हमने देखा उनको विश करने के लिए भीड़ भी जुटी अपार? उन्होंने इस बार राजेन्द्रनगर से किया अपनी दावेदारी का पैगाम? उनकी गतिविधियों को देखकर लग रहा है कि वो इसी सीट से चुनाव लड़ने का बनायेंगे प्रोग्राम? वैसे भी उनके लिए तो फलीभूत हुआ है एसआईआर वाला प्रोग्राम?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** नदिया पार की मैडम भंडारी ने शराब के ठेके के खिलाफ एक वक्त जोरदार तरीके से उठाई थी आवाज? देखते ही बन रहा था उनके विरोध का अंदाज? सुना है वो लखनऊ तक लेकर गईं थी अपनी बात? लेकिन हम देख रहे हैं जब से वहां से वापस लौटीं हैं? तब से नहीं निकले हैं उनके मुख से खिलाफत वाले अल्फाज?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** लगता है एक भगवा कमिश्नर से हो गये हैं एक जनप्रतिनिधि नाराज? हमने देखा इन भगवा कमिश्नर ने किया अपने क्षेत्र में प्रोग्राम? तब जनप्रतिनिधि नजर नहीं आये उनके साथ? कहने वाले ने कहा ऐसा हम नहीं कह रहे? उनके खेमे में चल रही है बात? योद्धा से नजदीकियों से कराने वाले करा रहे हैं एहसास?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमने देखा ये भगवा कमिश्नर पूरे प्रोग्राम में करता रहा अपने प्रिय जनप्रतिनिधि के आने का इंतजार? इसकी नजरें टिकीं हुई थी वहां पर जहां था कार्यक्रम का मुख्य द्वार? कहने वाले ने कहा हमें लग रहा है कि कोई ना कोई हो गई रार? नहीं तो ये जनप्रतिनिधि ऐसे हैं इन्होंने अपने इस भगवा कमिश्नर को आज तक नहीं कराया है इंतजार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमें क्रान्तिकारी त्यागी जी के अंदाज लगते हैं हमेशा क्रान्तिकारी? वो जो भी कुछ हैं उसके लिए अपने प्रिय विधायक को देते हैं तवज्जो? नहीं मानते हैं इसके अलावा वो किसी को भी आभारी? कहने वाले ने कहा फिर क्यों दिया इन्होंने ताकतवर लेडी के पक्ष में अपना पैगाम? जिस टूर में इनके प्रिय विधायक खुशी खुशी गये वहां से ये क्यों दूरी बना गये श्रीमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम बता रहे हैं आपको कुछ दिन पहले हुए खेल महोत्सव की बात? यहां पर वैश्य जनप्रतिनिधि हुए थे दो भगवा कमिश्नरों से नाराज? पता चली है हमें इस नाराजगी की बात? ये दोनों इस प्रोग्राम में आ गये थे खाली हाथी? ये तो शुक्र हो अधिकारी का जो संभाल ली उन्होंने यहां पर स्कूल वाले बच्चों को बुलाकर सारी बात? नहीं तो खेल वाले दिन खेल खराब हो सकता था साहब?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# रेलवे गार्ड भवन का पुनरुद्धार, कर्मचारियों के सम्मान और सुविधा की दिशा में अहम कदम : संजीव शर्मा





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ऑल इंडिया रेलवे गार्ड काउंसिल के तत्वावधान में लोहिया नगर स्थित गार्ड भवन के पुनरुद्धार कार्य के पूर्ण होने पर शनिवार को एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्मित गार्ड भवन का अवलोकन किया गया और इसे रेलवे गार्ड समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। कार्यक्रम में शहर विधायक संजीव शर्मा तथा जाजपुर (उड़ीसा) लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. रविंद्र नारायण बेहरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि रेलवे गार्ड देश की रेल व्यवस्था की रीढ़ हैं। वे कठिन परिस्थितियों में भी रेल संचालन और यात्रियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाते हैं। ऐसे में उनके कार्यस्थल और सामाजिक भवनों का सुदृढ़ होना केवल सुविधा का विषय नहीं, बल्कि उनके सम्मान और मनोबल से भी जुड़ा है। गार्ड भवन का पुनरुद्धार इसी सोच का परिणाम है और यह एक सराहनीय व प्रेरणादायी पहल है।

वहीं सांसद डॉ. रविंद्र नारायण बेहरा ने कहा कि रेलवे गार्डों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनके लिए बेहतर आधारभूत संरचना उपलब्ध कराना हम सभी का दायित्व है। नवनिर्मित गार्ड भवन संगठनात्मक एकता को मजबूती देगा और कार्यक्षमता को और बेहतर बनाएगा।

कार्यक्रम के दौरान ऑल इंडिया रेलवे गार्ड काउंसिल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अतिथियों का स्वागत किया तथा रेलवे गार्ड कर्मचारियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सार्थक चर्चा की। सभी वक्ताओं ने पुनरुद्धार कार्य को गार्ड समुदाय के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कल्याणकारी कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

इस अवसर पर डी. विश्वास (महामंत्री), एस.पी. सिंह (कानूनी सलाहकार), आर.एन. दीक्षित (विधिक सलाहकार), महावीर प्रसाद (गार्ड भवन संस्थापक) सहित विभिन्न जोन, मंडल एवं शाखाओं के पदाधिकारी, सदस्य और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# महापौर ने पूरा किया चिरंजीव विहार स्थित सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण का वादा

## एक वर्ष पूर्व किया वादा सुनीता दयाल ने किया पूरा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने चिरंजीव विहार (सेंट्रल पार्क) में स्थित सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। एक वर्ष पूर्व स्थानीय बुजुर्गों और पार्षद मनोज त्यागी की मांग पर महापौर ने इसे सुधारने का वादा किया था, जिसे अब 45 लाख रुपये का बजट पास कराकर पूरा किया जा रहा है। पार्षद और क्षेत्रवासियों ने लंबे समय से लंबित इस कार्य के शुरू होने पर महापौर का आभार व्यक्त किया।

पार्षद मनोज त्यागी ने बताया कि मैं भी भूल ही गया था कि 1 वर्ष पूर्व जो वादा किया था वह पूर्ण हो जाएगा लेकिन हमारी महापौर ने वह याद रखा और 1 माह पहले यह सूचना मिली कि हमारे सामुदायिक भवन के सौंदर्यीकरण के लिए एक बजट महापौर के द्वारा पास कराया गया है जिसके लिए सभी क्षेत्र की जनता की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

महापौर सुनीता दयाल द्वारा बताया गया कि मैं चाहती हूं कि शहर की सभी गली और सभी के आवासों के सामने हम वह हर सुविधा प्रदान कर पाएं जो हमें करनी चाहिए लेकिन शहर बड़ा है और काम करने में समय लगता है एक वर्ष पूर्व आपके बीच में किया गया वादा पूरा करने आये है और यही कोशिश रहेगी कि जनता के काम ईमानदारी से कर सकें।

**मुख्य बातें :** लागत : 45 लाख रुपये (अवस्थापना निधि से)।
**प्रमुख कार्य :** प्लास्टर, फर्श पर पत्थर, खिड़की-दरवाजे, शौचालय, बिजली और पानी की व्यवस्था।

# गाजियाबाद में कांग्रेस का पावर पॉइंट कहां है महानगर और जिला कमेटी के दफ्तर या कहीं और?

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर और जिला कांग्रेस कमेटी की स्थिति बिल्कुल राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की स्थिति की तरह है। राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी में भले ही अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे है लेकिन संगठन के कामकाज या यू कहें कि पावर पॉइंट गांधी परिवार है। इस तरह गाजियाबाद जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कोई भी हो लेकिन गाजियाबाद में कांग्रेस का पावर पॉइंट भारद्वाज परिवार ही है। इस तर्क के पीछे के कई कारण है।

पिछले तीन-चार वर्षो के दौरान कांग्रेस महानगर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के कई अध्यक्ष बने लेकिन पद से हटाए जाने के बाद सभी अध्यक्षों की हाजिरी कांग्रेस की जिला एवं महानगर कमेटी के दफ्तरों में नहीं लगती है बल्कि भारद्वाज परिवार या यूं कहे कि उनके आवास पर लगती है। उदाहरण के तौर पर महानगर के पूर्व अध्यक्ष मनोज कौशिक या विजय चौधरी को ही देख लिया जाए। मनोज कौशिक के महानगर अध्यक्ष पद से हटने के बाद उन्हें शायद ही कभी महानगर कार्यालय में आयोजित बैठकों में देखा गया हो। ऐसा ही हल विजय चौधरी और ओमप्रकाश शर्मा का भी है।

विजय चौधरी और ओमप्रकाश शर्मा भी ना के बराबर महानगर कार्यालय पर हाजिरी देते हैं। लेकिन उनकी हाजिरी भारद्वाज परिवार या उनके आवास पर लगातार लगती रहती है। यही स्थिति लोकेश चौधरी की भी है हालांकि लोकेश चौधरी कभी-कभार महानगर कार्यालय पर दिखाई दे देते हैं लेकिन जिस तरह दूसरे कार्यकर्ता महानगर कार्यालय पर आते रहते हैं उसे तरह लोकेश चौधरी महानगर कार्यालय पर नहीं आते हैं पिछले दिनों राष्ट्रीय सचिव विदित चौधरी के कार्यक्रम के दौरान हालांकि उन्हें देखा गया लेकिन कार्यकताओं की यह राय है कि वे अन्य महानगर अध्यक्षों की तरह ही कार्यालय से दूरी बना रखी है। गाजियाबाद कांग्रेस महानगर या जिला कांग्रेस का पावर पॉइंट भारद्वाज परिवार ही है इसके पीछे एक और कारण यह भी है कि जब भी कोई चुनाव आता है तो भले ही महानगर या जिले की ओर से किसी का नाम संस्तुति किया जाता हो अंतिम मोहर भारद्वाज परिवार की ही लगती है। पिछले पिछले चुनाव में महानगर और जिला कमेटियों की ओर से कई नाम भेजे गए थे लेकिन भारद्वाज परिवार की सदस्य को ही टिकट मिलता रहा। कांग्रेस के कई सदस्यों ने दबी जुबान में कहा कि भले ही कांग्रेस जिला एवं महानगर कमेटी बैठकें कर ले और कोई फैसला ले ले लेकिन भारद्वाज परिवार जो रहेगा गाजियाबाद में वही होगा शायद यही कारण है कि गाजियाबाद में कांग्रेस की जमीन मजबूत नहीं हो पा रही है। कांग्रेस कार्यकताओं का कहना है कि भारद्वाज परिवार की ओर से बैठकों में कोई शामिल नहीं होता है लेकिन निर्णायक फैसला उन्हीं का होता है।

वर्तमान में भी यही स्थिति चल रही है। कांग्रेस जिला एवं महानगर कमेटियों ने 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए जमीनी तौर कार्य शुरू कर दिया है लेकिन जितने भी न वर्तमान जिला अध्यक्ष एवं महानगर अध्यक्ष है वह ना तो बैठकों में शामिल हो रहे हैं और ना ही विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी को मजबूत करने की दिशा में कोई महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

# सोशल अवेयरनेस सोसायटी ने 1500 जरूरतमंदों को बांटे कंबल







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भीषण शीत लहर के प्रकोप को देखते हुए सोशल अवेयरनेस सोसायटी ने 1500 निर्धन लोगों को कंबलों का वितरण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने किया।

विधायक त्यागी ने संस्था के इस कार्य को 'ईश्वरीय सेवा' बताते हुए कहा कि ऐसे नेक कार्यों से समाज के गरीब तबके को बड़ी राहत मिलती है। विशिष्ट अतिथि पूर्व मेयर आशु वर्मा ने भी संस्था के सेवा भाव की सराहना की।

संस्था के संस्थापक अध्यक्ष विनीत शर्मा ने बताया कि वे पिछले 20 वर्षों से निरंतर यह सेवा कार्य कर रहे हैं। इस दौरान पंडित बी.डी. शर्मा, शिव ओम शर्मा, बी.के. शर्मा हनुमान, समाजसेवी राकेश मोहन सिंघल, के.पी. गुप्ता सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद नगर मेट्रो स्टेशन के पास जान जोखिम में डालकर सफर कर रहे राहगीर : खुर्शीदा कल्लन बेगम

## '4 महीने से सुध लेने वाला कोई नहीं'







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर मेट्रो स्टेशन से लेकर दिल्ली बॉर्डर तक की मुख्य सड़क इन दिनों राहगीरों के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है। पिछले चार महीनों से टूटी पड़ी इस सड़क की सुध लेने वाला कोई नहीं है, जिससे स्थानीय निवासियों और मुसाफिरों में भारी रोष है।

**गड्ढों में तब्दील हुई सड़क, बढ़ रहे हादसे :** सड़क की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहाँ जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं और किनारे पर मिट्टी के ढेर लगे हैं। इस मार्ग से रोजाना हजारों लोग दिल्ली-गाजियाबाद के बीच आवाजाही करते हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए स्थिति सबसे अधिक घातक है; असंतुलित होकर गिरने के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। राहगीरों का कहना है कि वे 'जान हथेली पर लेकर' इस जीटी रोड से गुजरने को मजबूर हैं।

**पार्षद और स्थानीय प्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी :** क्षेत्रीय पार्षद खुर्शीदा कल्लन बेगम ने बताया कि सड़क की इस जर्जर हालत को लेकर उन्होंने कई बार लोक निर्माण विभाग से लिखित शिकायत की है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला।

अधिकारियों की बेरुखी के कारण जनता को यह परेशानी झेलनी पड़ रही है। उन्होंने ने आरोप लगाया कि शहीद नगर मेट्रो स्टेशन के सामने सड़क की स्थिति सबसे ज्यादा दयनीय है। हमने कई बार संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन हर बार शिकायत को अनदेखा कर दिया जाता है। शायद प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### प्रमुख समस्याएं

**मेट्रो स्टेशन के पास जलभराव और गड्ढे :** शहीद नगर स्टेशन के ठीक सामने निकलना दूभर।
**मिट्टी के ढेर :** सड़क किनारे पड़ी मिट्टी धूल और फिसलन का कारण बन रही है।
**वाहनों में टूट-फूट :** खराब सड़क की वजह से वाहनों के सस्पेंशन और टायर खराब हो रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई, तो वे विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होंगे।

## चिन्टू जी

**प्रवीण चौधरी ( उपाध्यक्ष ) – पूर्व मेयर आशु वर्मा जी. आज जिस तरह हाउस टैक्स को लेकर कन्फ्यूजन वाले हालात बन रहे है. ये स्तिथि आपके कार्यकाल के दौरान हुई होती तो आप क्या करते।**




**आशु वर्मा ( पूर्व मेयर ) – देखो टॉम क्रूज प्रवीण चौधरी जी. मेरे कार्यकाल के दौरान समाजवादी पार्टी की सरकार थी. मैंने तब हाउस टैक्स बढने नहीं दिया. बाकी तुम खूब समझदार हो. इतने से ही पूरा सार निकाल लो।**

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।